mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-28 अंक-313 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

14 नवंबर 2024 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



नई टीम से खेलने...

@ पेज 7

# ग्लेशियर झील से 'तबाही' पर चेत गई मोदी सरकार

**● बर्फीली बाढ़ से कभी न हो सिक्किम जैसी तबाही, ले लिया सबक ● मोदी सरकार ने शुरू किया बड़ा काम, परियोजनाओं की मैपिंग शुरू**

नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले साल सिक्किम में ग्लेशियल झील की बाढ़ की वजह से तबाही मची थी। करीब सौ लोग मारे गए थे और तीस्ता पनबिजली संयंत्र (हाइड्रो पावर प्लांट) पूरी तरह से तबाह हो गया था। इस घटना के बाद से केंद्र सरकार ने गंभीर ग्लेशियल झीलों और ग्लोफ के खतरे वाली पनबिजली परियोजनाओं और क्षेत्रों का पता लगाने और वैज्ञानिक तरीकों से इनसे निपटने पर ध्यान केंद्रित किया है। नए अध्ययनों से पता चला है कि ग्लोफ्स के खतरे वाली 47 परियोजनाओं में से 20 हिमाचल प्रदेश में हैं। इनमें एनएचपीसी की बैरा सियूल (180 मेगावाट), एसजेवीएन की नाथपा झाकड़ी (1,500 मेगावाट), प्राइवेट कंपनी की बुधिल (70 मेगावाट), मलाणा (100 मेगावाट), करचम वांगतू



(1,045 मेगावाट) और चंजू द्व (36 मेगावाट) जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। उत्तराखंड में भी ऐसी नौ परियोजनाएं हैं जो ग्लोफ के खतरे के साये में हैं। इनमें धौलीगंगा में स्थित एक परियोजना के साथ-साथ विष्णुप्रयाग और तपोवन विष्णुगाड जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर में ऐसी पांच प्रॉजेक्ट्स हैं, जबकि अरुणाचल प्रदेश में ऐसी तीन परियोजनाएं हैं। सिक्किम में ऐसी पांच और परियोजनाएं हैं जिन्हें संवेदनशील माना जाता है। वहां 2023 में दक्षिण ल्होनाक ग्लोफ का कहर देखने को मिला था। ग्लोफ शमन के लिए रणनीतियां पर राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण समिति की कार्यशाला में साझा किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि सिक्किम में हुई इस घटना के बाद से सभी छह प्रभावित राज्यों में मैपिंग का काम चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### लाहौर के जहरीले धुएं से उत्तर भारत में धुंध-कोहरा

● अमृतसर में विजिबिलिटी 50 मीटर



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत के प्रमुख राज्य पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश धुंध और कोहरे की चपेट में आ गए हैं। एयर क्वालिटी इंडेक्स बताने वाली एजेंसी के मुताबिक दोपहर 12 बजे तक दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और फरीदाबाद में एक्यूआई 400 के पार रिकॉर्ड किया गया। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार सुबह 8.30 बजे तक अमृतसर में दृश्यता केवल 50 मीटर रही। हलवारा (लुधियाना) में 100 मीटर, सरसावां (सहारनपुर) में 250 मीटर, अंबाला में 300 और चंड़ीगढ़ में 400 मीटर के बाद दृश्यता नहीं थी।

### भारत-चीन के बीच पेट्रोलिंग का पहला राउंड पूरा

● समझौते के बाद एलएसी पर शुरू हुई थी यह गश्त

पूर्वी लद्दाख (एजेंसी)। पूर्वी लद्दाख के भारत-चीन बॉर्डर पर भारतीय सेना की पेट्रोलिंग का पहला राउंड पूरा हो गया है। 1 नवंबर को गश्त डेमचोक और देपसांग इलाके में गश्त शुरू हुई थी। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, दोनों इलाकों में एक



बार भारतीय सैनिकों और एक बार चीनी सैनिकों की तरफ से गश्त की जाएगी। पेट्रोलिंग के लिए सैनिकों की सीमित संख्या तय की गई है। ये संख्या कितनी है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### आतंकी डल्ला के साथ गैंगस्टर गुरजंट भी गिरफ्तार

**हाथ पर लगी थी गोली**

जालंधर (एजेंसी)। खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप डल्ला को कनाडा में हिरासत में लिए जाने की पुष्टि हो गई है। अर्श डल्ला के साथ उसका एक साथी गुरजंट सिंह उर्फजंटा भी पुलिस हिरासत में है। आज दोनों को कनाडा पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। कनाडा के पील एरिया में उक्त



मामले को लेकर सुनवाई होगी। कोर्ट में होने वाली सुनवाई की लिस्ट में अर्श डल्ला और जंटा का नाम शामिल है। सूत्रों के अनुसार 28 अक्टूबर को हॉल्टन में हुए शूटआउट में अर्श डल्ला की बाजू पर गोली लगी थी। अर्श अपनी कार में गुरजंट के साथ था। इस दौरान उनकी कार के पास एक कार आकर रुकी और दूसरी कार से ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गई।

# रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होने देंगे

**मोदी बोले-**

● जेएमएम-कांग्रेस बहुत बड़ी साजिश कर रहे

**देवघर में कहा-**

● हमने झारखंड को बनाया, हम ही संवारेंगे





देवघर (एजेंसी)। पीएम मोदी तीसरी बार झारखंड पहुंचे। पीएम मोदी यहां देवघर के सारठ में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। मोदी ने कहा इस चुनाव में रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण मुद्दा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि भाजपा-एनडीए की सरकार संथाल की और झारखंड की रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी। जेएमएम-कांग्रेस सरकार में बाहर से आए घुसपैठियों को यहां का परमानेंट निवासी बनाने के लिए हर गलत काम किए गए। इन घुसपैठियों के लिए रातों-रात पक्के कागज बनाए गए। आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया और उनकी जमीन हथिया ली गई। इन घुसपैठियों ने आपसे आपका रोजगार छीन लिया और आपकी रोटी भी छीन ली।

### 10 राज्यों की 31 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव खत्म

नई दिल्ली (एजेंसी)। झारखंड में पहले फेज की 43 सीटों के साथ ही 10 राज्यों की 31 विधानसभा और केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर बुधवार सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हो गई है। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। पश्चिम बंगाल में नॉर्थ 24 परगना जिले के जगतदल इलाके में कुछ लोगों ने एक टीएमसी नेता अशोक साहू पर बम फेंके और गोलीबारी की। इसमें उनकी मौत हो गई। वे टीएमसी से पूर्व वार्ड अध्यक्ष रह चुके हैं। राजस्थान के देवली-उनियारा सीट पर कांग्रेस के बागी और निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ जड़ दिया। वे समरावता मतदान केंद्र जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे। बिहार के तरारी विधानसभा सीट पर वोटिंग को लेकर दो पक्षों के बीच झड़प हो गई। दोनों गुटों में हुई मारपीट में 6 लोग घायल हुए हैं।

## अब कुलगाम में सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़

**नॉर्थ कश्मीर में पिछले आठ दिनों में यह छठी मुठभेड़**



कुलगाम (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई है। अधिकारियों ने बताया कि ये एनकाउंटर यारीपोरा के बाडीमर्ग में चल रहा है। मंगलवार को भी कुपवाड़ा जिले के नागमर्ग इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। यहां दो आतंकियों के छिपे होने की आशंका जताई गई थी। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरकर मंगलवार देर रात तक सर्चिंग की थी, लेकिन आतंकियों का पता नहीं चल सका था। वहीं, नॉर्थ कश्मीर में पिछले 8 दिनों में यह छठी मुठभेड़ है। इससे पहले बांदीपोरा, कुपवाड़ा और सोपोर में मुठभेड़ हो चुकी है।

# ईसी ने अब सीएम शिंदे के सामान की ली तलाशी

**● सीएम ने कसा तंज बोले-कपड़े हैं, यूरिन पॉट नहीं ● उद्धव ने जांच पर कहा था-यूरिन पॉट भी चेक कर लें**

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पालघर में कोलगांव हैलीपेड पर बुधवार को इलेक्शन कमीशन के अधिकारियों ने सीएम एकनाथ शिंदे के सामान की चेकिंग की। अधिकारियों ने शिंदे के बैग, ब्रीफकेस और दूसरे सामान को जांचा। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। शिंदे ने अधिकारी से कहा- कपड़े हैं.. अधिकारी ने हां में सिर हिलाया। इसके बाद शिंदे ने कहा- कपड़े हैं, यूरिन पॉट बगैरह नहीं है। शिंदे का यह कमेंट उद्धव के बयान पर तंज माना जा रहा था। दरअसल, 11 और 12 नवंबर को हैलीपेड पर 2 बार उद्धव ठाकरे के भी सामान की जांच हुई थी। तब उद्धव ने इसका वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कहते नजर आ रहे थे- मेरा बैग चेक कर लीजिए।

चाहे तो मेरा यूरिन पॉट भी चेक कर लीजिए, लेकिन अब मुझे मोदी के बैग चेक करते हुए भी आप लोगों का वीडियो चाहिए। वहां आप अपनी पूंछ मत झुका देना। शिंदे के अलावा बुधवार को पुणे में केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले के हेलीकॉप्टर की भी जांच की गई। इससे पहले मंगलवार को लातूर में ईसी ने नितिन गडकरी के बैग की



चेकिंग की गई थी। महाराष्ट्र के दोनों डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के हेलीकॉप्टर की भी बीते दिनों जांच हो चुकी है। बीजेपी ने आज ही फडणवीस के हेलीकॉप्टर जांच की वीडियो भी जारी किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बैग की 12 नवंबर को लातूर में चेकिंग की गई थी। वे औसा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अभिमन्यु पवार का प्रचार करने पहुंचे थे।

**कोलकाता रेप-मर्डर केस**

## गवर्नर हुए ऐक्टिव, ममता सरकार से मांगी रिपोर्ट

**आरोपी संजय रॉय ने खुद को बेगुनाह बताया था, पूर्व कमिश्नर पर फंसाने के आरोप**

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज रेप-मर्डर केस में आरोपी संजय रॉय ने पूर्व कमिश्नर पर खुद को फंसाए जाने के आरोप लगाए थे। इस मामले में पश्चिम बंगाल के गवर्नर सी वी आनंद बोस ने सीएम ममता बनर्जी से रिपोर्ट मांगी है। 11 नवंबर को सियालदह कोर्ट में पेशी के बाद संजय रॉय ने चीखते हुए मीडिया से कहा था कि उसे फंसाया गया है। कोलकाता के पूर्व पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल ने उसके खिलाफ साजिश रची है। साजिश में दूसरे बड़े अफसर भी शामिल हैं। मामले में संज्ञान लेते हुए गवर्नर ने डीजी को जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। साथ ही सरकार का पक्ष भी बताने को कहा है। जूनियर डॉक्टरों की मांग के चलते विनीत गोयल को पद से हटा दिया गया है। ममता सरकार पर भी लगाए थे आरोप इससे पहले 4 नवंबर को संजय ने पहली बार ममता सरकार पर आरोप लगाया था। सियालदह




कोर्ट में पेशी के बाद पुलिस जब संजय को बाहर लेकर निकली तो पहली बार वह कैमरे पर कहता नजर आया कि ममता सरकार उसे फंसा रही है। उसे मुंह न खोलने की धमकी दी गई है। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने अपनी चार्जशीट में संजय रॉय को मुख्य आरोपी बताया है। इसके अलावा केस को गैंगरेप की बजाय रेप केस बताया है। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि पीड़ित के शरीर से मिला सीमन सैंपल और खून आरोपी से मैच हो चुका है।

## मंच पर चुपचाप बैठे थे पीएम मोदी, अचानक पहुंचे मुख्यमंत्री नीतिश और छू लिया पैर

● पीएम मोदी ने दरभंगा में नए एम्स की नींव रखी, बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद

दरभंगा (एजेंसी)। बिहार को दूसरा एम्स मिल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दरभंगा में नए एम्स की नींव रखी। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार भी मौजूद थे। नीतिश कुमार ने इस अस्पताल के लिए पीएम मोदी का शुक्रिया अदा किया और कहा कि इससे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांति आएगी। इस दौरान नीतिश कुमार ने एक बार फिर पीएम मोदी के पैर छूकर सबको चौंका दिया। दरभंगा में नए एम्स के बनने से बिहार के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। एम्स के शिलान्यास समारोह में नीतिश कुमार ने पीएम मोदी



की तारीफों के पुल बांध दिए। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बहुत बड़ा दिन है। पीएम मोदी का धन्यवाद, जिन्होंने बिहार को यह तोहफा दिया। नीतिश कुमार पीएम मोदी के प्रति अपना सम्मान जताने से खुद को रोक नहीं पाए। कार्यक्रम के दौरान वो पीएम मोदी के पास गए और उनके पैर छू लिए।

# 'बुलडोजर' ऐक्शन पर अफसर नहीं बन सकते जज

● सुप्रीम कोर्ट बोला-प्रॉपर्टी तोड़ने से पहले 15 दिन का नोटिस जरूरी

● सख्त फैसला-अफसर दोषी हुआ तो निर्माण कराएगा, मुआवजा देगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। घर सबका सपना होता है, ये बरसों का संघर्ष है और सम्मान की निशानी। अगर घर गिराया जाता है तो अधिकारी को साबित करना होगा कि यही आखिरी रास्ता था। अफसर खुद जज नहीं बन सकते। बुलडोजर ऐक्शन पर फैसला सुनाते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यह कमेंट किया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने बुलडोजर ऐक्शन पर पूरे देश के लिए 15 गाइडलाइन जारी कीं। अदालत ने कहा कि अगर घर गिराने का फैसला ले लिया गया है तो 15 दिन का समय दिया जाए। घर गिराने की कार्रवाई की वीडियोग्राफी जरूरी है। अगर कोई अफसर गाइडलाइन



का उल्लंघन करता है तो वो अपने खर्च पर दोबारा प्रॉपर्टी का निर्माण कराएगा और मुआवजा भी देगा। अपना घर हो, अपना आंगन हो, इस ख्वाब में हर कोई जीता है। इंसान के दिल की ये चाहत है कि एक घर का सपना कभी न छूटे। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में लगातार बुलडोजर ऐक्शन के बाद जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। आरोप लगाया था कि बीजेपी शासित राज्यों में मुसलमानों



को निशाना बनाया जा रहा है और बुलडोजर ऐक्शन लिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने दलील दी थी कि कोर्ट अपने फैसले से हमारे हाथ ना बांधे। किसी की भी प्रॉपर्टी इसलिए नहीं गिराई गई है, क्योंकि उसने अपराध किया है। आरोपी के अवैध अतिक्रमण पर कानून के तहत ऐक्शन लिया गया है।

### हर आदमी का सपना एक घर, क्या छीन सकते हैं

जस्टिस बीआर गवई बोले, एक आदमी हमेशा सपना देखता है कि उसका आशियाना कभी ना छीना जाए। हर एक का सपना होता है कि घर पर छत हो। क्या अधिकारी ऐसे आदमी की छत ले सकते हैं, जो किसी अपराध में आरोपी हो। आरोपी हो या फिर दोषी हो, क्या उसका घर बिना तय प्रक्रिया का पालन किए गिराया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को प्रतिष्ठित स्कॉच ऑफ मेरिट में सेमी-फाइनलिस्ट सम्मान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** एमएसएमई विभाग की युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने वाली मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को प्रतिष्ठित स्कॉच ऑफ मेरिट में सेमी-फाइनलिस्ट के रूप में सम्मानित किया गया है।यह सम्मान मध्यप्रदेश में एमएसएमई को सशक्त बनाने, उद्यमिता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने तथा पारदर्शिता के क्षेत्र मे प्रदान किया गया है।उल्लेखनीय है कि योजना के तहत 16हजार 331 युवाओं को 1056 करोड़ 42 लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया है।प्रदेश के शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोडने के लिये बैंक के माध्यम से रियायती व्याज दर पर कोलेटरल मुक्त ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत परियोजना लागत औद्योगिक ( विनिर्माण ) इकाई के लिये 50 हजार से 50 लाख रुपये तक और सेवा एवं खुदरा व्यवसाय के लिए 50 हजार से 25 लाख रुपए तक ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उद्यम स्थापना के इच्छुक आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होना चाहिए। आवेदक न्यूनतम 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण हो तथा परिवार की आय रूपये 12 लाख से अधिक न हो। साथ ही आवेदक किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही नही हो और किसी बैंक या वित्तीय संस्था का डिफाल्टर भी नहीं होना चाहिए। योजनान्तर्गत हितग्राही को 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से व्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक, वार्षिक आधार पर प्रदान किये जाने का प्रावधान है। साथ ही ऋण गारंटी शुल्क, प्रचलित दर पर, अधिकतम 7 वर्षों तक प्रतिपूर्ति के रूप में जाने का भी प्रावधान है।

## कुपोषण से मुक्ति के लिये झाबुआ में अभिनव पहल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश सरकार कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न नवाचारों और प्रयासों से कुपोषण के खिलाफ पिछले 20 वर्षों में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में झाबुआ जिले मे कुपोषण से मुक्ति के लिये अभिनव पहल की गई है। कुपोषण मुक्त झाबुआ बनाने के लिये प्रोजेक्ट के तौर पर तीन माह में गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) से ग्रसित बच्चों को सामान्य पोषण स्तर पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। कुपोषण मुक्ति के प्रोजेक्ट को आकर्षक और आसानी से समझने के उद्देश्य से 15 दिवस के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दौरान मोटी आई यानि ( स्वस्थ बच्चे की माता ) की जोड़ी बना कर जागरूक किया जा रहा है। झाबुआ मे लगभग 2 शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गंभीर तीव्र कुपोशित 1613 बच्चों का चिन्हांकन किया गया। प्रत्येक कुपोषित बच्चे की माता के साथ मोटी आई की जोड़ी बनाकर कुपोषण से लडने की समझाईश और जागरूकता के लिये काउंसलिंग की जाती है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन और शिशु रोग विशेषज्ञ की अनुशंसा के अनुरूप %विशेष लड्डू और चिक्की को प्राथमिक तौर पर फोर्थ मील के रूप में बच्चों को दिया जा रहा है। जिले मे आयुष विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों की मालिश कराये जाने का प्रशिक्षण आंगनवाड़ी सहायिका को दिया जाता है।

## पॉली-हाउस से खरगौन का किसान राकेश हुआ मालामाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में किसानों के लिये खेती लाभ का व्यवसाय बन सके, इसके लिये केन्द्र और राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं से किसानों को मदद कर रही हे। ऐसे ही खरगौन के एक किसान को उद्यानिकी विभाग की मदद मिली और वे अब सफलतापूर्वक खेती कर लाभ अर्जित कर रहे। खरगौन जिले के कसरावद के ग्राम सावदा के किसान राकेश पाटीदार के परिवार में अब तक पारम्परिक तरीके से खेती हुआ करती थी, लेकिन उनके परिवार को मेहनत के अनुरूप खेती से फायदा नहीं मिल पा रहा था। जब युवा किसान राकेश ने खेती करना शुरू किया, तो उन्होंने बहेतर लाभ और उन्नत तरीकों से खेती को अपनाने के लिये पॉली हाउस का लाभ लेने उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया। पात्रता की आवश्यक शर्ते पूरी करने पर उन्हें उद्यानिकी विभाग से पॉली-हाउस निर्माण के लिये आर्थिक मदद मिली। किसान राकेश ने अपने खेत में 4 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में पॉली-हाउस लगवाया। इसके लिये उन्हें 16 लाख 88 हजार रुपये का अनुदान भी मिला। अब राकेश पॉली-हाउस में मिर्च और टमाटर को रोपकर उद्यानिकी फसल ले रहे हैं। उद्यानिकी फसल से उन्हें एक साल में 14 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा हो रहा है। उनकी सफलता से अन्य किसान भी प्रभावित हुए हैं और उन्होंने भी उद्यानिकी फसलों के बारे में विभाग से सम्पर्क किया है। किसान राकेश बताते हैं कि खेती में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाये और शासकीय योजना का फायदा लिया जाये, तो खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जा सकता है।

# अच्छा कार्य करने वाले मिलर्स को करें प्रोत्साहित-खाद्य मंत्री राजपूत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अच्छा कार्य करने वाले मिलर्स को प्रोत्साहित करें और नियमानुसार कार्य नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करें। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह निर्देश मिलर्स नीति और धान, ज्वार, बाजरा की उपार्जन नीति की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि मिलर्स द्वारा लापरवाही करने पर उनकी अमानत राशि राजसात करने की कार्रवाई करें। श्री राजपूत ने मिलर्स से समय पर धान की मिलिंग कर एजेंसियों के पास चावल जमा कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिये सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुविधायुक्त उपार्जन केन्द्रों की फोटो बुलवाएं। क्वालिटी कंट्रोल पर पूरा ध्यान दें। क्वालिटी चेक करने वाले सर्वेयर पर भी नजर रखें। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सर्वेयर का नया कैडर बनाने का प्रस्ताव तैयार करें। उपार्जन केन्द्रों पड़ोसी



राज्यों से लायी जाने वाली उपज की अवैध बिक्री को रोकने के समुचित प्रबंध करें। उच्च गुणवत्ता के बारदाने उपयोग में लाये जायें। सभी मंडियों, उपार्जन केन्द्रों एवं भण्डारण केन्द्रों के नापतौल उपकरणों एवं धर्मकाटों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण कराएं। केन्द्र सरकार की संस्थाएं, नेशनल कन्ज्यूमर कोऑपरेटिव फेडरेशन (एनसीसीएफ) और केन्द्रीय भण्डार को उपार्जन कार्य से जोड़ने के संबंध में भी चर्चा हुई। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने निर्देश दिये कि वर्ष 2024-25 की मिलिंग नीति को जारी करने से पहले छोटे तथा बड़े मिलर्स एवं उपार्जन कार्य में पहली बार शामिल हो रही केन्द्र सरकार की संस्था एनसीसीएफ एवं केन्द्रीय भण्डार के लिये प्रदेश में अनुकूल और सहयोगात्मक वातावरण बनाया जाये। उन्होंने कहा कि उपार्जन कार्य को सरल एवं सुविधायुक्त बनाने के लिये वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन तथा नागरिक आपूर्ति निगम से एक-एक अधिकारी नोडल ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया जाये। इससे उपार्जन कार्य में शामिल एजेंसी की किसी भी प्रकार की समस्या का तुरंत निराकरण हो सकेगा। बैठक में बताया गया कि उपार्जन केन्द्र से मिलर्स अथवा गोदाम तक मैपिंग कराई जायेगी, इससे उपार्जित अनाज के परिवहन की सटीक जानकारी मिल सकेगी। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मंडला में अनाज की सफाई मशीनों द्वारा कराने का निर्णय लिया गया है। यहां पर प्रोजेक्ट सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जायेगा।

## मंत्री गौतम टेटवाल ने मुख्यमंत्री कन्या दान योजना में 81 नवविवाहित जोड़ों को दी शुभकामनाएं

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** तकनीकी कौशल और रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल नगर पालिका परिषद नागदा खाचरौद और जनपद पंचायत खाचरौद नागदा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए।

मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने 81 (80 कन्यादन और एक निकाह) नवविवाहित जोड़ों को सुखी और समृद्ध जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि यह प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हिस्सा है, जो समाज के कमजोर वर्ग को




सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना से न केवल नवविवाहितों को आर्थिक मदद मिलती है, बल्कि यह उन्हें एक नई शुरुआत करने का अवसर भी मिलता है।

साथ ही अभिभावकों को शादी में होने वाले खर्च की चिंता से मुक्ति मिलती है इस योजना के दूरगामी परिणामों के फलस्वरूप कन्या मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है।

मंत्री श्री टेटवाल ने इस योजना को समाज के हर वर्ग को समान अवसर देने और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम बताया।

## सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिये आयोजित हो रही है बाल सभा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियों के 21वीं शताब्दी के कौशल उन्नयन पर जोर दिया गया है। इसके लिये प्रदेश के सरकारी हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में प्रति सप्ताह शनिवार को बाल सभा में कन्टीन्यूअस एण्ड कम्प्रेंसिव लर्निंग एण्ड एवोल्युशन (सीसीएलई) प्रोग्राम को समाहित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थी आनंदमयी वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर सक्रिय नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निवर्हन कर सकें। सीसीएलई कार्यक्रम में स्कूलों में सतत् और व्यापक शिक्षा के माध्यम से पूरे वर्ष विभिन्न सह शैक्षिक और सह पाठ्यक्रम पर केन्द्रित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पिछले वर्ष स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेशभर के 600 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित शिक्षकों ने प्रत्येक जिले में चयनित 2 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रकार प्रदेश में करीब 14 हजार 250 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। विद्यार्थियों की गतिविधियों पर आंतरिक मूल्यांकन का अधिभार भी सुनिश्चित किया गया है।

बालसभा कालखंड में शिक्षक और विद्यार्थी दोनों ही एक आनंदपूर्ण वातावरण में शिक्षण गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। इससे विद्यार्थियों को सुनने, बोलने, पढ़ने एवं लिखने की योग्यताएं प्राप्त होती हैं।

बाल सभा कालखंड में विद्यार्थियों से निंबध लेखन, समाचार पत्र लेखन, कहानी, कविता, नाट्य लेखन और वार्षिक पत्रिका का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही वाद-विवाद, कहानी, कविता वाचन, साक्षात्कार अभ्यास, तार्किक क्षमता, आकृति परीक्षण, संगीत, नृत्य, चित्रकला, क्रॉफ्ट, मूर्तिकला जैसी गतिविधियां प्रमुखता से कराई जा रही हैं। इन गतिविधियों में शामिल विद्यार्थियों को उनकी उपस्थिति के आधार पर अंक भी दिये जाने का प्रावधान भी रखा गया है।

## तात्या टोपे स्टेडियम के पे एण्ड प्ले योजना के खिलाड़ी उज़ैर खान ने



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित सीनियर राज्य स्तरीय स्नूकर प्रतियोगिता में तात्या टोपे स्टेडियम के पे एण्ड प्ले योजना के खिलाड़ी उज़ैर खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उज़ैर ने भोपाल के प्रियंक जायसवाल को हराकर विजय हासिल की। सेमीफाइनल में उन्होंने जबलपुर के इमरान खान को और क्वार्टर फाइनल में नेशनल गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता पीयूष कुशवाहा को 3.2 से मात दी। उज़ैर ने विश्व नंबर 1 खिलाड़ी और अपने प्रशिक्षक श्री कमल चावला के साथ खेल संचालक डॉ. रवि कुमार गुप्ता से मुलाकात की। खेल संचालक ने उज़ैर की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और कहा कि उनकी इस जीत से प्रदेश के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। खेल संचालक डॉ. गुप्ता ने उज़ैर के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और कहा कि वे इसी तरह प्रदेश और देश का नाम रौशन करते रहें। इस अवसर पर पूर्व डीजी श्री स्वराज पूरीए और सहायक कोच संदीप सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित थे। तात्या टोपे स्टेडियम की पे एण्ड प्ले योजना के एक अन्य खिलाड़ी उदित राय ने क्वार्टरफाइनल में इंदौर के केतन चावला को हराकर सेमीफाइनल तक का सफर तय किया लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें प्रियंक जायसवाल से 4.2 से हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ी श्री कमल चावला के मार्गदर्शन में स्टेडियम में प्रशिक्षणरत है। इन सभी खिलाड़ियों का चयन आगामी जनवरी 2025 में इंदौर में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है।

## डीएपी से वंचित रहे किसानों को सुबह उपलब्ध कराई गई खाद

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** छतरपुर जिले में सोमवार 11 नवम्बर 2024 को मार्कफेड के गोदाम में सुबह 8 बजे लगभग 450 किसान खाद लेने पहुंचे थे। जहां उन्हें पूरी प्रक्रिया के तहत टोकन बांटा गया और करीब 130 मीट्रिक टन डीएपी खाद का वितरण किया गया। इस दौरान कुछ किसान भाई बाकी रह गए थे। उपसंचालक कृषि श्री के.के. वैद्य ने बताया कि बाकी रहे किसानों को समझाइश दी गई कि डीएपी की जगह एनपीके लेने के लिए प्रेरित किया गया। लेकिन उन्होंने कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल के कैम्प ऑफिस पहुंचकर डीएपी ही लेने का आवेदन दिया और कलेक्टर के निर्देशानुसार मंगलवार की सुबह किसानों को डीएपी खाद एमपी एग्रो से उपलब्ध कराई। उल्लेखनीय है कि 11 नवंबर को छतरपुर कृषि उपज मंडी में मार्कफेड के गोदाम में डीएपी खाद लेने के लिए 450 किसान एकत्रित हुए, उन सभी किसानो को सुबह 8 बजे से ही टोकन बांट दिए गए और पूरे दिन में 130 मीट्रिक टन डीएपी खाद टोकन के माध्यम से वितरण किया गया, इन सभी किसानो को डीएपी वितरण के पश्चात गोदाम मे डीएपी खत्म हो गया था। डीएपी वितरण के पश्चात शेष बचे 40 किसानो को एनपीके दिया गया था, उसके पश्चात 12 किसान शेष रह गए थे जो गोदाम में दोपहर 2 बजे आए थे, उन्हें भी टोकन दिया गया था। टोकन से खाद प्राप्त करने के लिये निर्देशित किया गया था, गोदाम में रात्रि 8.30 बजे डीएपी का वितरण बंद हुआ, डीएपी खाद ख़त्म होने के बाद यह 12 किसान खाद प्राप्त करने से वंचित रह गए, इन सभी किसानों को एनपीके प्राप्त करने हेतु समझाईश दी गई परंतु वह डीएपी खाद ही लेना चाहते थे, उक्त किसान अपने आवेदन लेकर खाद प्राप्त करने के लिए कलेक्टर से दूरभाष पर संपर्क किया और आवेदन देने के लिये उनके कैम्प ऑफिस आए, इन सभी किसानो के आवेदन प्राप्त किए गए और आश्वासन दिया गया

# म.प्र. मसाला फसलों के उत्पादन में देश में पहले स्थान पर

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश मसाला फसलों का उत्पादन करने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है। वर्ष 2023-24 में प्रदेश के किसानों ने रिकार्ड 8 लाख 32 हजार 419 हैक्टयर में मसाला फसलों की बोनी कर, 54 लाख टन से अधिक मसाला फसलों का उत्पादन किया, जो एक रिकार्ड है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किसान भाइयों को कृषि के साथ उद्यानिकी फसलों को भी अपनाने के लिये विशेष रूप से प्रेरित किया जा रहा है, इसके परिणाम स्वरूप गत वर्ष प्रदेश में 13 हजार 110 हैक्टेयर उद्यानिकों फसलों का विस्तार कर 42,730 किसानों को 44 करोड़ 85 लाख रूपये का अनुदान प्रदान किया गया है। बाजार में मसाला फसलों, हल्दी, लहुसन, हरी और लाल मिर्च, अदरक, धनिया, मैंथी, जीरा और सौंफ की फसलों



की बढ़ती माँग से भी कृषक इनके उत्पादन के प्रति आकर्षित हो रहे है। विगत चार वर्षों में मसाला फसलों के उत्पादन में 2 लाख 16 हजार मैट्रिक टन की वृद्धि हुई है।

मसाला फसलों के बुबाई रकबा भी बढ़ा है। वर्ष 2021-22 में 8 लाख 23 हजार 918 हैक्टेयर में बोनी की गई थी जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 8 लाख 82 हजार 419 हैक्टेयर हो गई है। परिणाम स्वरूप मसाला फसलों का वर्ष 2021-22 में कुल उत्पादन 46 लाख 74 हजार 807 मैट्रिक टन था, जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 54 लाख 167 मैट्रिक टन हो गया है। इसका एक उदाहरण टीकमगढ़ जिले के ग्राम आलमपुरा के कृषक मोनू खान का हैं, जिन्होंने इस वर्ष 12 हैक्टेयर में शिमला मिर्च, टमाटर और हरी मिर्च की फसल लगाई है।

# मत्स्य उत्पादन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिये योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये-राज्य मंत्री पवार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री श्री नारायण सिंह पवार ने कहा कि समिति सदस्यों को मत्स्य उत्पादन के साथ लक्ष्यों को पूरा करने के लिये योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिये प्रेरित करें। मंत्री श्री पवार 27वीं वार्षिक साधारण सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेती के साथ आजीविका के लिए आय के अन्य स्त्रोत का भी होना आवश्यक है। समिति के लोग 10 माह मत्स्य उत्पादन का कार्य करते है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के कार्यों को आगे बढ़ाए। शासन द्वारा




रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जा रहे है।

समिति मत्स्य बड़ी मेहनत और लगन से कार्य कर लक्ष्यों को पूर्ण करते है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ति की जाए ऐसे प्रयास करें। राज्य मंत्री श्री पवार ने कहा कि कि शासन द्वारा 70 वर्ष से अधिक के सभी वर्ग के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। 5 लाख तक का निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ मिलता है। अधिक से अधिक लोग आयुष्मान कार्ड बनवाकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाए। उन्होंने कहा योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वास्तविक हितग्राहियों को लाभ मिले ऐ प्रयास किए जाए। और अधिक से अधिक समितियों का पंजीयन कराने में सहयोग करें। और प्रचार-प्रसार करें गरीबी बस्तियों में पंपलेट बंटवाकर अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाए और अपने संसाधनों को बढ़ाए उन्होंने मछुआ समिति सदस्यों से चर्चा भी की।

मंत्री श्री पवार ने बताया कि मत्स्य महासंघ का मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा 1000 हेक्टेयर से ऊपर से सौंपे गये बड़े एवं मध्यम जलाशयों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर मत्स्य विकास करना एवं महासंघ के जलाशयों में कार्यरत मछुओं तथा उनके परिवारों की आजीविका सुरक्षित करते हुए सामाजिक, आर्थिक उन्नति करना है।

# प्रभारी मंत्री के पैरों में गिर गईं आदिवासी महिलाएं

## कहा- अतिक्रमण के नाम पर घर गिराने और मारपीट करने वाले वन कर्मियों पर कार्रवाई हो





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ महिलाएं उनके पैर छूते हुए नजर आ रही हैं और मंत्री उन्हें उठाने की कोशिश भी नहीं कर रहे।

दरअसल, कुछ दिनों पहले वन विभाग के कर्मचारियों ने चिलरी गांव में अतिक्रमण बताते हुए कुछ आदिवासियों के मकान गिरा दिए थे। विरोध करने पर ग्रामीणों के साथ मारपीट भी की थी। इसके बाद गांववालों ने इसकी शिकायत कलेक्टर, एसपी और थाना प्रभारी से की, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों को जब पता चला कि बुधवार को प्रभारी मंत्री कलेक्टोरेट में बैठक करने आ रहे हैं तो सभी वहां पहुंच गए। इनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। सभी महिलाएं मंत्री को देखते ही उनके पैरों में जाकर गिर जाती हैं, लेकिन मंत्री ना तो उनकी तरफ ध्यान देते हैं और ना ही उन्हें पैरों से उठाने की कोशिश करते हैं। हालांकि उनकी सुरक्षा में लगे कुछ पुलिस कर्मचारी महिलाओं को उठाकर किनारे करते हैं।

**जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा भी की:** बता दें कि बुधवार को मंत्री सीधी जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा करने आए थे। उन्होंने नल-जल, आवास और अन्य योजनाओं की समीक्षा भी की। जिले में चल रही जन्म मूलक योजनाओं के हालात पर चिंता भी जताई। प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना में आ रही शिकायतों पर अफसरों को फटकार भी लगाई।

# पूरी संवेदनशीलता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

## योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जावेगी : प्रभारी मंत्री

### प्रभारी मंत्री ने की मैराथन समीक्षा बैठक



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा सीधी प्रवास के दौरान सभी विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। चार घंटे चली मैराथन बैठक में प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक योजना की गहन समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन द्वारा सभी वर्गों के हितार्थ जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। पूरी संवेदनशीलता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन करें तथा सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को सहजता से मिले। सभी खण्ड स्तरीय अधिकारी अपने मुख्यालय में रहेंगे। जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी अधिक से अधिक फील्ड भ्रमण करेंगे तथा वास्तविक हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करेंगे। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा समय-सीमा का विशेष ध्यान रखेंगे। सभी शासकीय संस्थाओं का समय पर संचालन हो तथा नागरिकों को गुणवत्ता युक्त सेवाएं प्रदान की जाएं। बैठक में सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, अध्यक्ष जिला पंचायत मंजू सिंह, विधायक प्रतिनिधि विधानसभा क्षेत्र धौहनी, सीधी एवं चुरहट द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों तथा समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

**कार्यपालन यंत्री पीएचई तथा पीडब्ल्यू डी को एससीएन जारी करने के निर्देश:** जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करना माननीय प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का पूरी निष्ठा और गंभीरता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करायें। शासन द्वारा जो मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं उनका कड़ाई से पालन करायें। उन्होने जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर प्रत्येक विकासखण्ड में 10-10 ग्राम पंचायतों के जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों का निरीक्षण करने तथा मापदण्ड अनुरूप कार्य नहीं पाए जाने पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। हैण्डपंपो के संधारण के संबंध में गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर प्रभारी मंत्री ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के पालन में अपर कलेक्टर द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

इसी प्रकार प्रभारी मंत्री ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को बिना पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहने तथा अपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने को गंभीरता से लेते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी मंत्री ने निर्माण एजेन्सियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया है कि सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें। निर्माण एजेन्सी के साथ-साथ संबंधित विभागीय अधिकारियों की भी जिम्मेदारी है कि वह कार्यों का नियमित निरीक्षण करें तथा उसकी वास्तविक स्थिति से कलेक्टर को अवगत करावें। सीधी-सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। महान परियोजना के बहरी क्षेत्र के भू-अर्जन की कार्यवाही 30 नवम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश हैं। एलाइमेंट संबंधी शिकायतों की जांच उन्होने संयुक्त दल के माध्यम से करने के निर्देश दिए हैं।

### मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजना के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कार्यपालन अधिकारी जिला अन्त्यावसायी सह.वि.स. ने जानकारी देकर बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वरोजगार योजना अन्तर्गत म.प्र. अनुसूचित जाति राज्य सहकारी वित्त एवं विकास निगम भोपाल के द्वारा मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजना का संचालन किया जा रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदाय किये जाने हेतु विशेष परियोजना का संचालन किये जाने हेतु सीधी जिले को लक्ष्य प्रदाय किया गया है, जिसमें अधिकतम लागत 02 करोड़ अनुदान के रूप में जारी किये जाने का प्रवधान है।

भूमि - परियोजना हेतु भूमि की उपलब्धता राजस्व विभाग अन्तर्गत प्रचलित, नजूल निर्वतन नियम एवं इस सम्बध में विभिन्न विभागों की नीति मे किये गये प्रावधानों के अधीन होगी।

### जनसुनवाई में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों का सात दिन में करें निराकरण : सिद्धार्थ तिवारी



**मीडिया ऑडीटर, त्योंथर निप्र।** त्योथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने मंगलवार को विश्राम गृह त्योंथर में आयोजित जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के नागरिक बंधुओ से भेंट कर उनकी समस्याएं जानी तथा त्वरित संज्ञान लेते हुए यथोचित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव 24*7 प्रदेशवासियों की सेवा के लिए समर्पित रहते हैं। जन-जन के लिए जनहितैषी योजनाओं का संचालन कर जन जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। हम सबको भी तत्परता के साथ अपने क्षेत्र के विकास और जनता की खुशहाली के लिए मिशन मोड में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की छोटी से छोटी समस्या का समाधान हो तथा क्षेत्र में संभावनाओं के अपार अवसर सृजित हों इसके लिए हम सबको प्रयत्नशील रहना है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों निराकरण सात दिनों में करने का प्रयास करे।

**दुरुस्त हुई बिजली व्यवस्था साल भर में बदले गए 500 ट्रांसफार्मर:** विधायक बनने के बाद सिद्धार्थ तिवारी राज ने त्योंथर में ध्वस्त पड़ी बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए युद्ध स्तर में कार्य किया।

# हत्या का आरोपी 4 साल से फरार था

## नाम बदलकर रायपुर में रहता था, बिजुरी पुलिस की पूछताछ में जुर्म कबूला




**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर जिले के बुजुरी थाना में 4 वर्ष पहले हत्या का आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने इसे लेकर बुधवार को खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी हत्या कर अपना नाम बदल कर छत्तीसगढ़ के रायपुर में रहता था। डोंगरगढ़ में एक चोरी के आरोप में आरोपी डोंगरगढ़ जेल में बंद भी है। आरोपी को अब डोंगरगढ़ उप-जेल से वारंट में लेकर थाना बिजुरी लाया गया हैं, जिसने पूछताछ मे जुर्म स्वीकार किया है ।

बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताए कि 29 और 30 नवंबर 2021 की रात सरस्वती स्कूल के सामने मीट मार्केट बिजुरी के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने सुरेन्द्र बहादुर राय उर्फ दरबारी निवासी खोंगापानी थाना झगराखांड़ की हत्या की गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान आरोपी की पहचान साबिर अली पिता मोहम्मद हदीस निवासी अलीनगर थाना बिजुरी के रूप में हुई थी। आरोप है कि हत्यारे ने मृतक से पुराने लेन देन के चलते वारदात के अंजाम दिया था। आरोपी घटना के दिन से ही फरार चल रहा था।

**पहचान बदलकर छत्तीसगढ़ के रायपुर में रहता था:** आरोपी के फरार होने के बाद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ने तीस हजार रूपए के इनाम घोषित किए थे। जिसके बारे में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के थानों मे सूचित भी किया गया था। अनूपपुर जिले के सरहदी थानों से सटे सभी थाना प्रभारियों से फरार आरोपी के बारे में जानकारी दी गई।

**सुरेंद्र विश्वकर्मा के नाम से डोंगरगढ़ में था:** आरोपी छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में अपना वास्तविक नाम साबिर अली से बदलकर सुरेंद्र विश्वकर्मा नाम से रहता था। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ जिले की पुलिस ने बताए कि मई-2024 में डोंगरगढ़ मे एक चोरी का आरोपी सुरेंद्र विश्वकर्मा पिता विनय विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी बिलासपुर का मिला है। जिसका हुलिया और चेहरा प्रकरण के फरार आरोपी साबिर से मिलता है। जिसकी पड़ताल के बाद पाया गया कि मामले का फरार आरोपी साबिर अली पिता मो. हदीस निवासी अलीनगर थाना बिजुरी का रायपुर मे अपना नाम रखकर फरार चल रहा था। थाना डोंगरगढ़ की सूचना पर आरोपी साबिर अली को डोंगरगढ़ उपजेल से वारंट मे लेकर थाना बिजुरी लाया गया हैं। जिसने पूछताछ मे जुर्म स्वीकार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेजा जा रहा है। आरोपी के खिलाफ चोरी, लूट, घर में घुसकर मारपीट और लूट सहित 11 से अधिक धाराओं में केस अपराध हैं।

### आहरण वितरण अधिकारी का रिश्वत लेते वीडियो वायरल



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के चितरंगी संकुल केंद्र में डीडीओ ऑफिस में तैनात आहरण वितरण अधिकारी का रिश्वत लेते एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि अधिकारी कुछ कागज लेने के बाद पैसे लेकर जब में डालते हैं। वीडियो सामने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं।

सिंह ने बताया कि वीडियो में आहरण वितरण अधिकारी बब्बू सिंह कुछ पैसे का लेनदेन करते हुए दिख रहे हैं। जांच में अगर वीडियो सही पाया जाता है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अभी तक इस वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन बताया जा रहा है कि ये वीडियो तकरीबन 1 सप्ताह पुराना है।

# खाद के लिए लाइन में लगे छात्र और बुजुर्ग महिलाएं

## किसान 10 दिन से खाद के लिए परेशान, कलेक्टर बोले- किसी को परेशानी नहीं होने देंगे







**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर के नौगांव रोड स्थित इफको सेंटर में बुधवार की दोपहर किसान खाद लेने के लिए परेशान दिखाई दिए। सुबह से ही किसान लंबी लाइन लगाकर रोड पर खड़े हो गए। लाइनों में पुरुषों के साथ महिलाएं, स्कूली बच्चे और बुजुर्ग दिखे।

किसान पिछले 10 दिनों से खाद के लिए परेशान है, इसलिए किसानों ने अपने परिवार के बच्चों और बुजुर्ग महिलाओं को खाद के लिए लाइन में लगा दिया है, ताकि समय पर फसल बोई जा सके। वहीं, लोगों का कहना है कि हम लोग कई दिनों से खाद के लिए वेयरहाउस और दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं। बाजारों में खाद की कालाबाजारी कर महंगे दामों में बेचा जा रहा है।

एक किसान रामजी शर्मा खड़गांव ने बताया कि खाद के साथ-साथ यूरिया की बोतलें जबरन पकड़ाई जा रही हैं, जिसकी कीमत 555 रूपए की है। खाद की एक बोरी 1350 रूपए की है, जबकि उसके साथ यूरिया की बोतलें दी जा रही हैं।

**स्कूली बच्चे खाद की लाइन में लगे:** खाद के लिए लाइन में लगे कक्षा 8वीं में पढ़ने वाले छात्र भूपेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि वह बसारी गांव का रहने वाला है। उसके पिता खाद के लिए परेशान हैं, इसीलिए हम स्कूल छोड़कर आज खाद लेने लाइन में लगे हैं। सुबह से लाइन में लगे है लेकिन अभी तक दो बोरी खाद नहीं मिला है। वहीं, बांदनी की रहने वाली वर्षा अहिरवार ने बताया कि वह बीएससी फाइनल की छात्रा है। भाई के कहने पर पढ़ाई छोड़कर खाद के लिए लाइन में लगे हैं।

**70 वर्षीय महिला भी खाद की लाइन में:** मऊसहानियां की रहने वाली 70 वर्षीय चत्तीबाई भी खाद के लिए लाइन में लगी रही। चत्तीबाई ने बताया कि लड़का अलग लाइन में लगा है और मैं अलग लाइन मैं अलग में लगी हूं, ताकि जल्दी खाद मिल जाए।

इस मामले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कहा कि आपके माध्यम से जानकारी मिली है जल्द ही दिखवाते हैं। सभी किसानों को समय पर खाद दिया जाएगा किसी को कोई परेशानी नहीं होने देंगे।

# 13 वर्षीय किशोरी के साथ दरिंदगी

## अस्पताल चौकी में केस हुआ दर्ज, दोनों आरोपी गिरफ्तार




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के बहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ दो लोगों ने मिलकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना 5 नवंबर की है। तबीयत बिगड़ने पर बच्ची ने माता-पिता को इस बारे में जानकारी दी। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों

दरअसल, किशोरी अपने घर के पास काम कर रही थी। इसी दौरान रात के अंधेरे का फायदा उठाकर दो आरोपियों ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और फिर बेहोशी की हालत में वहां से छोड़कर भाग गए। जब घटना की जानकारी किशोरी के माता-पिता को हुई। तो उन्होंने इसकी सूचना बहरी थाने में दी। इसके बाद पीड़िता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल सीधी में भर्ती कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

**गाय-बैल को भगाने घर के बाहर निकली थी:** पीड़िता ने बताया है कि मैं रात 9 बजे गाय-बैल को भगाने के लिए अपने घर के बाहर गई थी। पापा घर में नहीं थे, तो मैं टॉर्च लेकर पशु भगाने के लिए बाहर निकली। घर के सामने खेत से फसल कट कर रखी हुई थी। वहीं पीछे से वेलोग आए और मेरा मुंह बंद करके अरहर के खेत में पटक दिए और बोले- घर में बताओगी तो तुम्हारी जान ले लेंगे। उसके बाद संजय रजक ने मेरा हाथ पकड़ा और लालू कोल ने मेरे साथ रेप किया। जिससे मेरी हालत काफी बिगड़ गई। इसके बाद में किसी तरह से घर गई और अपनी मम्मी से यह सब बताई। वहीं, इस पूरे मामले को लेकर जब बहरी थाना प्रभारी राकेश बेस से फोन कॉल किया, तो उन्होंने फोन काट कर दिया।

जब इस घटनाक्रम के बारे में एसपी सीधी डॉ. रवींद्र वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा- यह अभी का मामला नहीं है, यह पुराना मामला हो गया है। उस पर कार्रवाई हो रही है। अस्पताल चौकी के मुताबिक, मामला जीरो में दर्ज कर लिया गया है और बहरी थाने में मामले को भेज दिया गया है। इसके अलावा एक आरोपी की गिरफ्तारी 6 नवंबर को ही हो गई थी। दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी बीते मंगलवार की देर शाम हुई है। जिसे आज यानी बुधवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के साथ बैठक की गई



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की अंतिम एवं चौथी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु 13 नवंबर दिन बुधवार को प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश पाण्डेय ने कहा कि न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का जितनी जल्दी निराकरण होगा उतनी ही जल्दी पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं को लाभ प्राप्त होगा। पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ताओं के सहयोग के बिना न्यायदान की प्रक्रिया अधूरी है।

उक्त बैठक में रमा जयंत मित्तल विशेष न्यायाधीश, मुकेश कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ बृजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र जोशी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजेश श्रीवास्तव प्रथम जिला न्यायाधीश, गौतम कुमार गुजरे चतुर्थ जिला न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्षमण डोडवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शोभना मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रेनू श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनम शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अभिषेक साहू, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, विनोद कुमार श्रीवास्तव डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, बाबूलाल सिंह डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल ऋषभ सिंह पैनल अधिवक्तागण अवनीन्द्र कुमार पाठक, महेन्द्र कुमार मिश्रा, विजय चन्द्र गौतम, सतीश उर्मलिया तथा अधिवक्तागण राजेन्द्र सिंह परिहार, सूर्यकांत पाण्डेय, धीरेन्द्र सिंह बघेल, सुजाता मिश्रा, रामभजन गुप्ता, परमसुख शुक्ला, सतेन्द्र शुक्ला सहित जिला मुख्यालय के अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

#### तहसीलदार ने कांग्रेस कार्यालय का निर्माण रुकवाया

### जमीन के कागज़ात पेश करने जिलाध्यक्ष को भेजा नोटिस

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना तहसीलदार ने अजयगढ़ की इंद्रपुरी कॉलोनी में बनाए जा रहे कांग्रेस कार्यालय पर रोक लगा दी है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवजीत सिंह के नाम भेजे नोटिस में उन्हें जमीन के दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया है।दरअसल, कई वर्षों से कांग्रेस कार्यालय अधूरा पड़ा था। वर्तमान जिलाध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा ने इसका काम शुरू कराया, लेकिन छत डलने से पहले ही तहसीलदार ने काम रुकवा दिया। नोटिस में लिखा है कि कि पन्ना स्थित आराजी क्रमांक 2602 रकबा 0.3840 हेक्टेयर के अंश रकबा 60 बाई 25 वर्गफीट में कांग्रेस कार्यालय बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा है।

**प्रशासन ने ही जगह अलॉट की थी:** वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवजीत सिंह ने कहा कि प्रशासन ने कार्यालय निर्माण के लिए कांग्रेस को जगह अलॉट की है। कार्यालय बनाने में सभी प्रकार के नियमों का पालन किया जा रहा है। नगर पालिका समेत अन्य विभागों से अनुमति ली गई है।


### उपनाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै विजय कुमार साहू तनय श्री रामउजागर साहू उम्र 25 वर्ष ग्राम लालगांव तह. सिरमौर थाना गढ़ जिला रीवा म.प्र. का मूल निवासी हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा सरनेम वर्मा दर्ज हो गया है जो गलत है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजो मे मेरा सरनेम साहू दर्ज है जो कि सत्य है।

अत: आज दिनांक से मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम विजय कुमार के आगे सरनेम साहू लिखा पढ़ा व जाना जाए।

**विजय कुमार साहू**
**ग्राम लालगांव तह. सिरमौर**
**थाना गढ़ जिला रीवा म.प्र. )**

# विचार

## कहीं सियासी रूप तो नहीं लेता जा रहा है प्रयागराज का छात्र आंदोलन

लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित की जा रही पीसीएस व आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा में मानकीकरण ( नॉर्मलाइजेशन ) को लेकर छात्र जो आंदोलन कर रहे हैं,वह कहीं राजनैतिक रूप तो नहीं लेता जा रहा है। विपक्ष छात्रों के गुस्से को योगी सरकार के खिलाफ सियासी हथियार तो नहीं बना रहा है। ऐसा इस लिये लग रहा है क्योंकि छात्रों की जो मांगे हैं वह तर्कसंगत कम जिद्द वाली ज्यादा हैं। इतना ही नहीं छात्रों के प्रदर्शन में वह ताकतें भी नजर आ रही है जो किसी तरह से छात्र-छात्राएं नजर नहीं आ रहे हैं। विपक्ष भले योगी सरकार के खिलाफ इसको सियासी मोहरा बना रहा हो, लेकिन इस आंदोलन को लेकर शिक्षाविदों की राय अलग है।कई शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी तरह के विरोध में से पहले छात्रों को प्रक्रिया को समझना जरूरी है। विरोध में सीधे सड़क पर उतर आना ठीक नहीं है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षक रहे प्रो. योगेश्वर तिवारी का कहना है कि आंदोलित छात्रों को मानकीकरण की प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने के उपरांत ही कोई निर्णय लेना चाहिए। शिक्षाविद और काउंसलर डॉ. अपूर्वा भार्गव का कहना है कि मानकीकरण की प्रक्रिया का विरोध अगर इस आधार पर किया जा रहा है कि सरल और कठिन प्रश्नों के पूछे जाने से समान लाभ सबको नहीं मिलेगा तो यह उचित नहीं है। प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षाओं में गुणात्मक सुधार की आवश्यकता हमेशा से रही है, ताकि इस सेवा के योग्य अभ्यर्थियों को इसमें स्थान मिल सके। मानकीकरण की प्रक्रिया भी इसी परीक्षा में गुणात्मक सुधार का एक प्रयास है। पहले से कई राज्यों में यह प्रणाली अमल में लाई जा रही है, इस आधार पर भी इसे लागू करने का विरोध समझ से परे है। उधर, आयोग के बाहर चल रहे प्रदर्शन के दौरान सरकारी बैरियर व कोचिंग का बोर्ड तोड़ने पर 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से दो नामजद अभिषेक शुक्ला और राघवेन्द्र व अन्य अज्ञात आरोपी हैं। उधर, माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने पर 10 को हिरासत में लिया गया है, जिनसे देर रात तक पूछताछ जारी है। जबकि आज तीसरे दिन भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अभ्यर्थियों का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी है। वे मांग कर रहे हैं कि पीसीएस और आरओ/एआरओ परीक्षाएं एक दिन और एक शिफ्ट में आयोजित की जाएं। इससे पहले, प्रयागराज में धरना स्थल पर मंगलवार को ड्रम और नगाड़ों के शोर में यह नारा गूंजता रहा- जुड़ेंगे और जीतेंगे भी। अभ्यर्थियों ने नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ आयोग पर तंज कसते हुए पोस्टर के जरिये पदों की रेट लिस्ट भी जारी की।

# गंगा का मैल सख्ती व जवाबदेही से ही दूर होगा

**ललित गर्ग**

**गंगा की सफाई, उसे प्रदूषण मुक्त करने एवं नदियों के माध्यम से आर्थिक विकास, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उरप्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली यों है? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। यह गौर करना राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी के कारण भी जरूरी हो गया है, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत होने वाली है।**



कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी-भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। आखिर कौन है गंगा को प्रदूषित करने के गुनहगार? सरकारों को यह समझना होगा कि उसे केवल गंगा को साफ ही नहीं करना, बल्कि उसकी निर्मलता एवं अविरलता के लिये एक अनूठा उदाहरण भी पेश करना है। ऐसा करके ही देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषणमुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकेगा। यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण ढ़ेर बने मलबे एवं कचरे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। औद्योगिक कारखानों का जहरीला कचरा ही नहीं बल्कि सरकार की अन्य विकास योजनाएं ही गंगा को प्रदूषित करने का जरिया बन रही है, जो अधिक शर्मनाक एवं चिन्ताजनक है। गंगा नदी एवं अन्य नदियों में उद्योगों से विभिन्न रसायन, चीनी मिल, भट्टी, ग्लिस्रिन, टिन, पेंट, साबुन, कताई, रेयान, सिल्क, सूत, प्लास्टिक थेलियां-बोतले आदि जहरीला कचरा बड़ी मात्रा में सरकार की चेतावनियों के बावजूद मिल रहा है।

गंगा कायाकल्प का दृष्टिकोण 'अविरल धारा' (सतत प्रवाह), 'निर्मल धारा' (प्रदूषणरहित प्रवाह) को प्राप्त करके और भूगर्भीय और पारिस्थितिक अखंडता को सुनिश्चित करके नदी की अखंडता को बहाल करने की समग्र योजना और रखरखाव के बावजूद गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। जबकि सरकार क्रॉस-सेक्टोरल सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली नदी बेसिन रणनीति को लागू करके गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और पुनरोद्धार को सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। यह पानी की गुणवत्ता और पारिस्थितिक रूप से जिम्मेदार विकास को बनाए रखने की दृष्टि से गंगा नदी में न्यूनतम जैविक प्रवाह भी सुनिश्चित करता है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान 'नमामि गंगे' में अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं।

जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। अधिकारियों की लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य कैसे हो सकता है, इसका उदाहरण गंगा का प्रदूषण है।

दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफ करने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए। लोगों को बताया जाना चाहिए कि गंगा सिर्फ नदी नहीं है यह खाद्य श्रृंखला को संबल देने वाली तथा हमारी आध्यात्मिक यात्रा से भी जुड़ी है। गंगा में जहरीला कचरा बहाने वाले उद्योगों पर भी आर्थिक दंड लगाना चाहिए। इसी से यह उम्मीद की जा सकती है कि इसके जरिए मानव सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। वास्तव में गंगा एक संपूर्ण संस्कृति की वाहक रही है, जिसने विभिन्न साम्राज्यों का उत्थान-पतन देखा, किंतु गंगा का महत्व कम न हुआ। आधुनिक शोधों से यह भी प्रमाणित हो चुका है कि गंगा की तलहटी में ही उसके जल के अद्भुत और चमत्कारी होने के कारण मौजूद है। यद्यपि औद्योगिक विकास ने गंगा की गुणवत्ता को दूषित किया है, किन्तु उसका महत्व यथावत है। उसका महात्म्य आज भी सर्वोपरि है। गंगा स्वयं में संपूर्ण संस्कृति है, संपूर्ण तीर्थ है, उन्नत एवं समृद्ध जीवन का आधार है, जिसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है।

'नमामि गंगे' परियोजना व स्वच्छ गंगा हेतु राष्टीय मिशन के अंतर्गत प्रदेश में गंगा किनारे के 1,604 गांवों में 3,88,340 शौचालयों का निर्माण करवाकर उन्हें खुले में शौच से मुक्त गांव घोषित किया गया और नदी किनारे एक करोड़ 30 लाख पौधों का रोपण किया गया। गंगा को निर्मल बनाने के लिए घाट, मोक्षधाम, बायो डायवर्सिटी आदि से जुड़े 245 प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। गंगा की 40 सहायक नदियों में प्रदूषित जल का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में 170 परियोजनाओं पर काम चल है। एक और राहत की खबर जो उम्मीद की किरण बन कर सामने आयी है कि गंगा में विषाक्त कचरा उड़ेलने वाली औद्योगिक इकाइयों में कमी आ रही हैं। सरकार के प्रयासों से गंगा के तटों का सौन्दर्यकरण भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। मोदी सरकार ने एक सराहनीय पहल करके स्वच्छ गंगा कोष की स्थापना की है, जिसमें स्थानीय नागरिक व भारतीय मूल के विदेशी व्यक्ति और संस्थाएं आर्थिक, तकनीकी व अन्य सहयोग कर सकते हैं। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें मिली विभिन्न भेंटों व स्मृति चिह्नों की नीलामी से प्राप्त 16 करोड़ 53 लाख रुपये की राशि इसी कोष में दी है।

यह खबर आई थी कि सरकार 2022 तक गंगा नदी में गंदे नालों के पानी को गिराने से पूरी तरह रोक देगी और इस मसले पर एक मिशन की तरह काम चल रहा है। लेकिन ताजा स्थितियां एवं गंगा का प्रदूषण बताता है कि इस नदी के निर्मलीकरण के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की उपलब्धि वास्तव में कितनी है?

नीतियों और योजनाओं के बरक्स उन पर अमल की यह तस्वीर राजनीति इच्छाशक्ति एवं प्रशासनिक लापरवाही को ही दर्शाती है। अन्यथा क्या कारण है कि नदियों के प्रदूषण को दूर करने के क्रम में सबसे ज्यादा जोर गंगा को स्वच्छ बनाने पर ही दिया गया, मगर इसका हासिल आज भी संतोषजनक नहीं है।

सही मायनों में आज गंगा के उद्धार के लिये सरकार के साथ-साथ हर भारतीय को भगीरथ जैसा दायित्व निभाना होगा। तभी सदियों से अविरल बह रही जीवनदायी गंगा की प्रतिष्ठा एवं पवित्रता भी फिर से स्थापित हो सकेगी। फिर एनजीटी को यह न कहना पड़ेगा कि फलां जगह का गंगाजल आचमन करने लायक नहीं रह गया है।

# न्यूरोप्लास्टिटी यानी पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़जाल में है आज की पीढ़ी

आज की पीढ़ी तेजी से न्यूरोप्लास्टिसिटी यानी कि पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़ जाल में उलझती जा रही है। मजे की बात यह है कि इसमें हम केवल और केवल बच्चों या युवाओं को ही दोष नहीं दे सकते बल्कि देखा जाए तो इंटरनेट और सोशियल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के प्रभाव से ग्रसित लोग इन हालातों से दो चार होते जा रहे हैं। चिंतनीय यह है कि फोकस नाम की चीज खोती जा रही है और उसके स्थान पर मानसिक भटकाव लेता जा रहा है। होता यह है कि एक काम करने की सोचते हैं उतनी देर में दूसरे काम पर ध्यान चला जाता है तो कुछ ही देर में तीसरे काम को पहले करने की सोचने लगते हैं। इस सबका बड़ा कारण खासतौर से इलेक्ट्रोनिक गजेट्स और लेपटॉप के माध्यम से इंटरनेट की दुनिया को अत्यधिक समय देने का यह साइड इफेक्ट होने लगा है। टीवी पर बार बार चैनल बदलना, एक गाने को पूरा होने से पहले ही दूसरे गाने को लगा देना, मस्तिष्क में एक ही समय कई चीजों का चलना आदि पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम की निशानी है। चिकित्सकीय भाषा में कहा जाए तो यह एडीएचडी यानी कि अटेंशन डेफिसिट हाईपरएक्टिविटी डिस आर्डर की स्थिति होती है। बिना सोचे समझे रिएक्शन, तनाव, काम में फोकस नहीं कर पाना, डिप्रेशन में रहना आदि का कारण मोटे रुप से पॉपकॉर्न ब्रेन के रुप में देखा जा सकता है। दरअसल पॉपकॉर्न ब्रेन शब्द का उपयोग 2011 में वांशिगटन विश्वविद्यालय में उस समय शोध कर रहे डेविड लेवी ने उपयोग किया था। यह एक तरह से इस तरह की मानसिकता को दर्शाते हुए किया गया था कि मन का स्थिर नहीं रहना। एक तरह से भ्रमित मानसिकता भी इसे कहा जा सकता है। मजे की बात यह है कि जिस तरह से पॉपकॉर्न ब्रेन का विस्तार होता जा रहा है यानी कि जिस तरह से अधिक से अधिक लोग इसके मकड़जाल में उलझते जा रहे हैं वह अपने आप में गंभीर होने के साथ ही अत्यधिक चिंतनीय भी है। एक दो नहीं इन हालातों का पूरे समाज पर असर पड़ रहा है। आज दूध पीते बच्चे को भी मोबाईल थमाकर शांत रखने की प्रवृति आम होती जा रही है उसके दुष्परिणाम सामने आने में देर नहीं लगेगी। बच्चें हाईपर होते जा रहे हैं। जब बच्चों में ही यह होने लगा है तो रातदिन जिस तरह से सोशियल मीडिया के प्लेटफार्म में लगे रहते हैं उनकी क्या मनोदशा हो जाएगी यह किसी से छुपी हुई नहीं होनी चाहिए। मनोविश्लेषकों के अनुसार यह एक तरह की न्यूरोप्लास्टिसिटी है। देखा जाए तो एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशियल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव सीधे हमारी मनोदशा को प्रभावित कर रहा है।

तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवत: इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं।



अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से गुस्सेल होते जा रहे हैं। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि आज गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि समाज संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देषों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्मार्टफोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके सामने आ रहे दुष्प्रभावों को समझना होगा। पॉपकॉर्न ब्रेन को लेकर मनोविज्ञानी और चिकित्सक दोनों ही समान रुप से चिंतित है। सुझाया जा रहा है कि दिन चर्या को नियमित करके समय प्रबंधन को बेहतर बनाकर कुछ हद तक इस समस्या को कम किा जा सकता है। इसके साथ ही सोशियल मीडिया और इलेक्ट्रोनिक गजेट्स पर आवश्यकता से अधिक समय नहीं दिया जाना जरुरी हो जाता है। जितना कम तकनीक का उपयोग होगा और अनावश्यक रुप से इन पर समय नहीं दिया जाएगा तो एक तरह से ब्रेन डिसआर्डर की इस समस्या से या यों कहे कि पॉपकॉर्न ब्रेन की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। उलझनों के भ्रम जाल से बचा जा सकेगा। योग प्रक्रियाएं और नियमित दिनचर्या भी इस समस्या को एक हद तक दूर कर सकती है। इसलिए पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम की गंभीरता और उसके दुष्परिणामों को समय रहते समाधान करना होगा।

## प्रधानमंत्री जनजाति गौरव दिवस की तैयारियों के लिए दिए निर्देश

# कलेक्टर ने रोड किनारे पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के दिए निर्देश

### साप्ताहिक समय-सीमा बैठक संपन्न





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई, जिसमें विभागीय महत्वपूर्ण पत्रों, पिछले शिविर के लंबित मुद्दों, डीएमएफ कार्यों की प्रगति तथा आगामी बैठक में शामिल होने वाले प्रस्तावों पर चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान निर्देशित किया कि 15 नवंबर को कुवांरपुर में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री जनजाति गौरव दिवस और जन समस्या निवारण शिविर में चुने हुए जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों को निमंत्रण पत्र दिए जाएं। इसके अलावा स्थानीय संस्कृति को प्रदर्शित करने, भूमि पूजन, खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देने, छात्रावास निर्माण और सड़क निर्माण का लोकार्पण करने के साथ-साथ जन समस्या निवारण शिविर में सभी विभागों का स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने जिले में नगर निगम, नगर पंचायत, नगर परिषद और ग्राम पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सभी मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे, इसके अतिरिक्त स्ट्रांग रूम की व्यवस्था,साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, बैठने की सुविधा और जर्जर मतदान केंद्रों को बदलने या सुधारने के लिए भी कहा है । उन्होंने मतदाता पहचान की पुष्टि, सामग्री वितरण और 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के कार्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया है । इसके साथ ही धान खरीदी के संदर्भ में कलेक्टर ने बताया कि खरीफ वर्ष 2024-25 के तहत धान बिक्री के लिए पुराने और नए पंजीकरण में सुधार किया गया है। अब किसान केवल एसडीएम से चर्चा कर के ही धान बेच सकेंगे। इसके साथ ही किसानों की फोटो सहित उनके खेतों की जानकारी मंगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अलावा समितिवार पंजीयन रिपोर्ट, बारदाने की उपलब्धता, उड़नदस्ता दल का गठन, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, कृषक पंजीयन आदि विषयों पर भी चर्चा हुई।

कलेक्टर ने निर्देश दिया कि जिन विभागों को भूमि आवंटित हो चुकी है, वे अपनी भूमि पर घेरा बंदी या खूंटा गाड़ने का कार्य शीघ्र पूरा करें। पुराने पेंशन मामलों, आवारा पशुओं पर रेडियम बेल्ट लगाने, वन अधिकार पट्टा में हुई गड़बड़ी को सुधारने तथा कलेक्टर कार्यालय से पीडब्ल्यूडी चौक और पीडब्ल्यूडी से बाजार तक रोड किनारे जितने भी अवैध दुकानें है उसको तत्काल हटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने, स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र बांटने के लिए कहा इसके अलावा सरगुजा प्राधिकरण के लंबित कार्यों को पूर्ण करने, अटल आवास की निर्माण, ट्राइबल मल्टी मार्केटिंग के भूमि आबंटित, प्रधानमंत्री सड़क योजना के व्दारा बन रहे सड़क को पूर्ण करने , शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के लिए आवास आबंटन तथा जल शक्ति मिशन में यूजर आईडी लॉगिन और जिओ ट्रैकिंग की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के भी निर्देश दिए।

इस बैठक में अपर कलेक्टर अनिल सिदार, संयुक्त कलेक्टर सी.एस. पैकरा, एसडीएम प्रवीण कुमार भगत, लिंगराज सिदार, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सभी नगर पंचायत सीएमओ, और जिले के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## सेक्स से इनकार करने पर मर्डर, प्राइवेट-पार्ट में डाला डंडा

# चरित्र पर शक करता था पति, साड़ी से घोंट दिया पत्नी का गला



**मीडिया ऑडीटर, कोरिया एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में पति ने शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करने पर पत्नी की हत्या कर दी। पहले सिर पर लोहे के फाइल से वार किया, फिर पत्नी के प्राइवेट पार्ट में बांस का डंडा डाल दिया। इसके बाद आरोपी ने साड़ी से उसका गला घोंट दिया पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था और शराब पीकर आए दिन विवाद करता था। पुलिस ने आरोपी पति को को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात पटना थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक हथवर गांव में 11 नवंबर की सुबह सुनीता सिंह (26) की लाश मिलने की सूचना मृतका के भाई से पुलिस को दी। सुनीता का शव खाट में पड़ा था। उसके सिर से खून निकला हुआ था। सुनीता का पति विशाल सिंह घर से फरार हो गया था। विशाल ने ही सुनीता की मौत की सूचना उसके भाई को दी थी।

**पत्नी के चरित्र पर करता था शक:** एएसपी मोनिका ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने सुनीता के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों और आसपास के लोगों ने बताया कि विशाल सिंह शराब पीकर हमेशा अपनी पत्नी सुनीता से विवाद करता था।

पुलिस ने फरार विशाल सिंह की खोजबीन की और उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में विशाल सिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नी के चरित्र को लेकर शंका करता था। शारीरिक संबंध बनाने के लिए वह इनकार करती थी और विवाद करती थी।

**रात में हुआ विवाद तो मार डाला:** पुलिस पूछताछ में विशाल सिंह ने बताया कि 10 नवंबर की रात 11 बजे उसने पत्नी से संबंध बनाने के लिए कहा तो वह विवाद करने लगी। उसने पत्नी सुनीता सिंह की पिटाई कर दी और पास पड़े लोहे के फाइल (रेती) से सिर पर हमला कर दिया। सुनीता सिंह बेहोश हो गई तो उसने उसके प्राइवेट पार्ट में बांस का डंडा डाल दिया। गुस्से में उसने साड़ी से पत्नी का गला दबा दिया।

**हत्या के बाद रातभर घर में रहा, सुबह फरार:** घटना के दौरान विशाल सिंह नशे की हालत में था और पत्नी की हत्या के बाद रात को घर में ही रहा। सुबह उसने सुनीता सिंह की मौत की सूचना मायके पक्ष को दी और भाग निकला। पुलिस ने आरोपी विशाल सिंह (35) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ धारा 103(1), 238 बीएनएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

**13 साल पहले हुई थी शादी:** विशाल और सुनीता की शादी साल 2011 में हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। उनकी बेटी छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही थी और छोटा बेटा अपने माता-पिता के साथ रहता था। पत्नी की हत्या और पति की गिरफ्तारी के बाद बच्चों को रिश्तेदारों को सौंपा गया है।

---

## रेलवे स्टेशन के आसपास चोर गैंग एक्टिव

# झुंड में रहकर भीख मांगने के बहाने करते हैं घरों की रेकी, एक महिला समेत 2 गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर और आसपास के रेलवे स्टेशन के इलाकों में चोर गैंग एक्टिव है। यह चोरों का गैंग रेलवे स्टेशन के आस-पास झुंड बनाकर रहते हैं, फिर भीख मांगने के बहाने आसपास के घरों की रेकी कर चोरी करते हैं। मंदिर हसौद पुलिस ने एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने गुढ़ियारी और टिकरापारा में भी चोरी की थी।

दरअसल, पुष्पा वर्मा ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वो मंदिरहसौद क्षेत्र में स्थित मकान में रहती है। 11 नवंबर की सुबह 8 बजे ताला लगाकर वो चाबी मेट के नीचे रखकर चली गई। करीब 11:30 बजे जब उनकी बेटी घर वापस लौटी तो देखा कि घर में चोरी हो चुकी थी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घर के आलमारी में रखा मंगलसूत्र और सोने चांदी के जेवरात गायब थे।

**पूछताछ में भिखारियों का पता चला:** इस मामले में मंदिर हसौद पुलिस ने जब आसपास के रिहायशी एरिया में पूछताछ की तो पता चला कि, कुछ भिखारी सुबह इलाके में घूमते देखे गए हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पहचान किया। इसके बाद एक महिला सोनिया सोबर और युवक सागर सोबर को रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ा गया।

---

# मां बोली-बेटी को ससुराल वालों ने जलाकर मार डाला

## बेटियां बोलीं-दादी को बेटा चाहिए था, पापा शराब पीकर मम्मी को पीटते थे



**मीडिया ऑडीटर, गरियाबंद एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने आग लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि बेटा नहीं होने पर महिला का पति उसे शराब पीकर पीटता था। मृतिका की मां ने आरोप लगाया कि बेटी को जिंदा जलाकर मारा गया है। मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के परसदा का है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतिका का नाम नंदनी बाई देवांगन (28) है। महिला आग में 90 प्रतिशत चल चुकी थी, इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं मृतिका की बेटियों ने बताया कि दादी को बेटा चाहिए था। पापा शराब पीकर आते थे और मां को पीटते थे।

**क्या है पूरा मामला:** दरअसल, 8 नवंबर को नंदनी बाई देवांगन ने खुद पर मिट्टी तेल छिड़ककर आग लगाई। नंदनी की चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। गंभीर हालत में फिंगेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां से डॉक्टर्स ने रायपुर के ष्ठयस्र हॉस्पिटल रेफर किया, लेकिन 9 नवंबर को नंदनी ने दम तोड़ दिया।

**पहले हाथ बांधे गए, फिर आग के हवाले किया गया- मृतिका की मां:** नंदनी की मां रूखमणी बाई देवांगन ने बताया कि उसका पति सोहन देवांगन शराब पीकर आए दिन उससे मारपीट करता था। चैत्र नवरात्रि के समय भी उसे बुरी तरह से मारा था। नंदनी की हत्या की गई है। उसके हाथों में रस्सी बांधे जाने के निशान हैं। पहले उसके हाथ बांधे गए, फिर उसे आग के हवाले किया गया।

**तुम मर जाओगी तो दूसरी बहू घर ले आएंगे:** वहीं नंदनी की 8 साल और 5 साल की दोनों बेटियों ने पुलिस को बताया कि दादी दशोदा उर्फ पुन्नी बाई आए दिन मां को गालियां देती थी। वह मां से कहती थीं कि तुम हमें लड़का नहीं दे पाई। हमें तुमसे कोई मतलब नहीं है। तुम मर जाओगी तो दूसरी बहू घर ले आएंगे।

**दादी मारने को कहती थी और पापा मारते थे:** वहीं पापा भी बेटा नहीं होने पर उन्हें मारते थे। दादा मस्तु देवांगन भी अक्सर मां से लड़ते थे। दादी मारने को कहती थी और पापा मारते थे।

**आरोपियों ने जुर्म किया स्वीकार:** मामले में पुलिस ने बताया कि बेटियों के बयान और जांच के साथ अन्य लोगों के बयान के आधार पर पति, सास और ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने मारपीट और प्रताड़ित करने का जुर्म स्वीकार किया है।

**पति, सास-ससुर को कोर्ट ने भेजा जेल:** पुलिस ने बताया कि नंदनी के पति सोहन देवांगन, सास दशोदा उर्फ पुन्नी बाई और ससुर मस्तु देवांगन को गिरफ्तार कर लिया है। सभी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

# मंदिर के पुजारी से गाली-गलौज कर दी धमकी

## शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई, तो भाजपाइयों ने घेरा चौकी, आरोपी दो भाई गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** भिलाई के कोहका स्थित दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में शराब के नशे में धुत दो भाइयों ने पुजारी के साथ गाली-गलौज कर धमकी दी है। शिकायत के बाद भी जब पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, तो मंदिर समिति से जुड़े भाजपा नेताओं ने देर रात स्मृति नगर पुलिस चौकी का घेराव कर दिया। जिसके बाद स्मृति नगर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने बताया कि, दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में श्रीराम पाण्डेय कई सालों से पूजा-पाठ करते आ रहे हैं। पिछले एक महीने से आपराधिक तत्व रविंद्र राय और दिनेश राय शराब पीकर आ जाते हैं। वो यहां बैठकर गाली-गलौज करते रहते हैं।

**विरोध करने पर जान से मारने की धमकी:** पुजारी ने उनके इस व्यवहार का विरोध किया, तो वो लोग पुजारी से ही गाली-गलोज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। मंदिर समिति की समझाइश के बावजूद वो माने, तो भाजपा नेताओं ने सीसीटीवी फुटेज के साथ एसपी जितेंद्र शुक्ला, एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर और स्मृति नगर चौकी प्रभारी वंदिता से शिकायत की।

**चौकी का घेराव, एफआईआर दर्ज:** जब स्मृति नगर चौकी पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई में नहीं किया, तो मंगलवार शाम 15-20 भाजपा नेता और मंदिर समिति के लोग स्मृति नगर चौकी पहुंच गए। उन्होंने चौकी के अंदर धरना दे दिया। कई घंटे धरना देने और नारेबाजी करने के बाद चौकी प्रभारी ने पंडित श्रीराम पाण्डेय की शिकायत पर केस दर्ज किया।

**सीसीटीवी कैमरे में आवाज सहित वीडियो रिकार्ड:** भाजपा नेता और शहर के बड़े व्यवसायी सुभाष साव का कहना है कि, वो हर शनिवार और मंगलवार दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर जाते हैं। मंगलवार को जब वो पहुंचे, तो रविंद्र और दिनेश राय पंडित से विवाद कर रहे थे। इस पर उन्होंने उन्हें रोका तो उनके साथ भी गलत व्यवहार किया गया। इससे मंदिर आने वाले सभी लोग डर में हैं।

**जवान बेटियों के सामने देते थे गाली:** श्रीराम पाण्डेय ने चौकी में रोते हुए बताया कि, उनकी पत्नी का कैंसर से निधन हो गया है। उनकी दो जवान बेटियां हैं। पूजापाठ कर वो उन्हें पढ़ा-लिखा रहे हैं। रविंद्र और दिनेश राय आए दिन शराब के नशे में उनके घर जाते हैं। बेटियों के साथ गाली गलौज और उनके साथ गलत व्यवहार करने की धमकी देते हैं। उनकी बेटी डर की वजह से घर से बाहर नहीं निकल रही हैं।

**बैठक के बीच आकर की गाली-गलौज:** मंदिर समिति के शारदा गुप्ता ने बताया कि, इन दोनों आरोपियों से मोहल्ले के लोग लंबे समय से परेशान हैं। मंगलवार को वो लोग जब मंदिर समिति की बैठक कर रहे थो, तो उसी दौरान दोनों भाई वहां आ गए और गाली-गलौज कर धमकाने लगे।

**विरोध के बाद आरोपी गिरफ्तार:** समिति के लोगों का कहना था कि, उन्होंने चौकी प्रभारी को चेतावनी दी थी कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक मंदिर के पट नहीं खुलेंगे। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद बुधवार सुबह से रोज की तरह मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू हुई।

---

# भाभी पर गंदी नजर रखने पर भाई की हत्या

## आरोपी बोला- वो किसी और को मारता इससे पहले मैंने मार दिया



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में भाभी पर बुरी नजर रखने पर छोटे भाई की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। आरोपी बड़े भाई ने बताया कि, वो आदतन शराबी था। नशे में मां-बाप से विवाद करता था। भाभी पर गंदी नजर रखता था। वो किसी को मारता, इससे पहले उसे ही मार दिया। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र के कैलाश नगर की है। मोहन नगर टीआई मोनिका पाण्डेय ने बताया कि, 12 नवंबर को उन्हें अस्पताल से सूचना मिली थी कि, एक युवक को ब्रेन डेड लाया गया है। उसकी पहचान गजेंद्र यादव पिता संतोष यादव (24 साल) निवासी कैलाश नगर के रूप में हुई।

**जान से मारने की कोशिश पर की हत्या:** पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, तो बड़े भाई शैलेंद्र यादव ने बताया कि, गजेंद्र हमेशा गाली-गलौज कर लड़ाई-झगड़ा करता था। सोमवार को शराब के नशे में गजेंद्र घर पहुंचा था। उसने मेरे और मेरी पत्नी से विवाद किया। जान से मारने की धमकी देने लगा। विरोध करने पर मारने के लिए फावड़ा उठा लिया।

**शराब पीने से मौत का बहाना बनाया:** शैलेंद्र ने कहा कि, छोटा भाई अपनी भाभी को गलत नीयत से देखता था। इस बात से नाराज होकर उसकी हत्या करने की ठानी। जब गजेंद्र घर में सो रहा था, उसी दौरान कमरे में गया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

---

## अक्सा राईस मिल बेलबहरा काली सूची में दर्ज, वर्ष 2024-25 हेतु पंजीयन निरस्त

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** खाद्य विभाग जिला एमसीबी को अक्सा राईस बेलबहरा मिल के संचालक ने 29 फरवरी को आवेदन दिया कि धान उपार्जन केन्द्र कुंवारपुर में धान भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं है। इसकी पुष्टि के लिए जांच दल का गठन किया गया। जांच दल के रिपोर्ट अनुसार वास्तविक रूप से उपार्जन केन्द्र में धान उपलब्ध नहीं था, परंतु फिर भी अक्सा राईस मिल बेलबहरा के द्वारा इसी उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव दिखाया गया। इस संबंध में अक्सा राइस मिल के संचालक को 28 मार्च को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जिसका उत्तर अक्सा राइस मिल के संचालक से 01 अप्रैल को प्राप्त हुआ। उक्त उत्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण अक्सा राइस मिल बेलबहरा को काली सूची में दर्ज किए जाने हेतु अनुशंसा सहित संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को 25 जून को पत्र लिखा गया। इसके संबंध में पुनः 09 नवम्बर को संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को पत्र लिखा गया। उक्त के उत्तर में, संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से जारी पत्र क्रमांक 5051/खाद्य-उपा./2024, नवा रायपुर, 22 अगस्त की छायाप्रति भेजी गई, जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की संगत कंडिका 09 के अंतर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

---

# सूने मकान में सोने-चांदी के जेवरात चोरी

## पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 8.10 लाख रुपए के गहने बरामद



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** दुर्ग पुलिस ने भिलाई के खुर्सीपार थाना क्षेत्र में लाखों रुपए की चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8 लाख 10 हजार रुपए कीमत के चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात जब्त किए हैं।

छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि, 14 अक्टूबर 2024 को जोन-1 खुर्सीपार निवासी डी हेमराज ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि, 12 अक्टूबर की रात साढ़े 8 बजे से साढ़े 10 बजे के बीच उनके घर में चोरी हुई है।

**दशहरा कार्यक्रम देखने गया था परिवार:** उन्होंने बताया कि, घर के सभी लोग ताला लगाकर दशहरा कार्यक्रम देखने आईटीआई मैदान खुर्सीपार गए थे। वहां से वो लोग 10.30 बजे घर वापस लौटे। घर पहुंचे तो देखा कि अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा है। आलमारी का सामान बाहर बिखरा था और अंदर से पुराना इस्तेमाली सोने-चांदी के जेवरात को कोई चोरी कर ले गया है।

**चोरी का माल बेचने ग्राहक की कर रहा था तलाश:** पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मुखबिर से सूचना मिली की खुर्सीपार देना बैंक के पीछे स्वीपर बस्ती निवासी एस थॉमस अपने पास सोने चांदी के कुछ जेवरात रखा है। खुर्सीपार आईटीआई मैदान उसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है।

सूचना मिलते ही खुर्सीपार पुलिस और एसीसीयू की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर जाकर थॉमस और उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

**ये सामान पुलिस ने किया जब्त:** पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 नग सोने की अंगूठी, 1 सोने का नेकलेस, 1 जोड़ी सोने का झुमका बड़ा, 1 जोड़ी सोने का छोटा झुमका, 13 सोने की चेन, 1 चेन मह लॉकेट के साथ, 1 सोने का रानी हार, 2 सोने का कान का छोटा टॉप्स, 1 सोने का ब्रेसलेट जब्त किया। जब्त जेवर की कीमत 8 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है।

**ये आरोपी हुए गिरफ्तार:** एस थॉमस पिता एस अनिल (20) निवासी देना बैंक के पीछे स्वीपर बस्ती, छावनी। किशन कुमार पिता श्रवण कुमार (20) निवासी देना बैंक के पीछे स्वीपर बस्ती, छावनी। गौरव विलियम पित शेखर विलियम (19) निवासी निवासी देना बैंक के पीछे स्वीपर बस्ती, छावनी।

---

## निगम कर्मचारियों के बकाया राशि भुगतान करने के संबंध में

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** नगर निगम पार्षद वित्त विभाग के एमआईसही युवा नेता शिवांश जैन ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को निगम कर्मचारियों के लंबित भुगतान एवं महापौर पार्षद निधि की बकाया राशि भुगतान के लिए ज्ञापन सौपा। शिवांश जैन ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साहू को ज्ञापन सौंप कर नगर निगम के नियमित कर्मचारियों के वेतन भुगतान की मांग की गौरतलब है कि पिछले 4 से 5 महीना से निगम के कई नियमित कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हुआ है इस बीच बड़े-बड़े त्यौहार दशहरा एवं दीपावली बगैर वेतन के फीकी रही, इसके साथ ही उन्होंने नगरीय निकायों के महापौर एवं पार्षद निधि की 1 वर्ष की बकाया राशि कभी आवंटन करने का आग्रह पत्र में किया जिससे कि वार्डो में अधूरे विकास कार्य जल्द पूरे किए जा सके।

---

# खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी की तैयारियां पूर्ण

## जिले में 14 नवम्बर से होगी धान खरीदी की शुरुआत

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिले में खाद्य विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान खरीदी 14 नवम्बर 2024 से शुरू होने जा रही है। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में कुल 14 समितियों के अंतर्गत 25 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदा जाएगा। इसके अलावा जिले के 20122 किसानों ने अपने धान विक्रय के लिए पंजीकरण कराया है। धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने और अन्य राज्यों से धान की आवक को रोकने हेतु 10 अस्थायी चेक पोस्ट बनाए गए हैं। हर उपार्जन केन्द्र के लिए नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी (ट्रस्टेड पर्सन) की नियुक्ति भी कर दी गई है।

# किसी भी पद पर रहे, मित्रता भाव हमेशा बनाए रखना : मुयमंत्री



**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विद्यार्थियों को अपना जुनून हमेशा कायम रखना चाहिए। इच्छाशक्ति जितनी दृढ़ होगी, लक्ष्य उतना ही आसान होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी पद पर पहुंचे, मित्रता का प्रेमभाव हमेशा बनाए रखना। इसका सबसे अच्छा उदाहरण श्रीकृष्ण और सुदामा की दोस्ती का है। उनकी दोस्ती 11 वर्ष की उम्र में हुई थी और जब वे द्वारका के राजा बने तब भी उनकी दोस्ती ने दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राजस्थान के कोटा जिले में एलन शिक्षण संस्थान के समउन्नत भवन में विद्यार्थियों से चर्चा कर रहे थे। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विद्यार्थियों ने गजहार पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति का इससे अच्छा उदाहरण दूसरा नहीं हो सकता कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गुजरात में पहली बार विधायक बनने के साथ ही मुख्यमंत्री बने और लगातार तीन बार मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री के बाद वे पहली बार सांसद बनें और पहली बार में ही देश के प्रधानमंत्री बनें। इसके बाद लगातार सांसद बने और प्रधानमंत्री भी। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में हैट्रिक भी बनाई। आर्थिक दृष्टि से गुजरात देश के अन्य राज्यों की तुलना में अग्रणी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैंने अपने शैक्षणिक काल से ही अपना लक्ष्य समाज सेवा के रूप में निर्धारित किया था। वर्ष 1982 में मेरा चयन मेडिकल कॉलेज के लिए हो गया था, परंतु समाज सेवा के अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मैंने मेडिकल में प्रवेश न लेते हुए, बीएससी की उपाधि प्राप्त की। मैं यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट रहते हुए राजनीति में सक्रिय रह सका। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के तीन मूल मंत्र हैं, जिन्हें विद्यार्थियों को आत्मसात करना चाहिए। पर्याप्त नींद लें, नियमित रूप से व्यायाम करें और प्राणायाम को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने बताया?कि अपने लक्ष्य पर शुरू से ही ध्यान केन्द्रित रखना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण 11 वर्ष की आयु में मथुरा से राजस्थान होते हुए मध्यप्रदेश के उज्जैन पधारे थे। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी यात्रा के दौरान प्रदेश में जहां-जहां विश्राम किया या ठहरे उन स्थानों को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक महत्व के तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने शिक्षा काल में जिन ग्रंथों का अध्ययन किया, उन ग्रंथों का सार गीता में समाया है।

# 10 राज्यों की 31 विधानसभा, वायनाड लोकसभा सीट पर वोटिंग खत्म



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** झारखंड में पहले फेज की 43 सीटों के साथ ही 10 राज्यों की 31 विधानसभा और केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर बुधवार शाम 5 बजे वोटिंग खत्म हो गई। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। पश्चिम बंगाल में नॉर्थ 24 परगना जिले के जगतदल इलाके में कुछ लोगों ने टीएमसी नेता अशोक साहू पर बम फेंके और गोलीबारी की। इसमें उनकी मौत हो गई। वे टीएमसी के वार्ड अध्यक्ष रह चुके हैं। राजस्थान के देवली-उनियारा सीट पर कांग्रेस से बागी और निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने स्ष्ठरू अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया। वे समरावता मतदान केंद्र जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे। बिहार के तरारी विधानसभा सीट पर वोटिंग को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। दोनों गुटों में हुई मारपीट में 6 लोग घायल हुए हैं। एक युवक का सिर फट गया। पुलिस को यहां फ्लैग मार्च करना पड़ा। केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा का मुकाबला भाजपा की नव्या हरिदास और लेफ्ट के सत्यन मोकेरी से है। प्रियंका वायनाड में एक बूथ पर पहुंचीं और लोगों से मिलीं। ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास (दाएं) ने परिवार के साथ मतदान किया। उनकी बहू पूर्णिमा दास (बाएं से तीसरे) जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। वायनाड लोकसभा सीट पर 60.79त्न वोटिंग, छत्तीसगढ़ की रायपुर दक्षिण सीट पर सबसे कम मतदान पश्चिम बंगाल में बुधवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के जगतदल इलाके में बदमाशों द्वारा बम फेंके जाने और गोलियां चलाए जाने से तृणमूल नेता अशोक साहू की मौत हो गई। पूर्व तृणमूल वार्ड अध्यक्ष अशोक साहू एक चाय की दुकान पर बैठे थे, जहां उन पर हमला किया गया। राजस्थान में 7 सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं।

# चेन्नई-कैंसर पेशेंट के बेटे ने डॉक्टर को चाकू मारा

**चेन्नई ( एजेंसी )।** पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम विग्नेश है, वो अपनी मां के इलाज से नाखुश था। उसे लगता था कि डॉक्टर बालाजी उसकी मां को गलत दवाइयां दे रहा है। इसीलिए विग्नेश सीनियर डॉक्टर बालाजी से बात करने गया था। विग्नेश ने रूम के दरवाजे बंद कर दिए और डॉ. बालाजी को चाकू मारना शुरू कर दिया। तमिलनाडु के हेल्थ मिनिस्टर मा. सुब्रमण्यम ने कहा कि डॉ. बालाजी आईसीयू में भर्ती हैं, लेकिन उनकी हालत अब स्थिर है। साथी डॉक्टर ने बताया कि बालाजी ओन्कोलॉजिस्ट हैं। वे खुद हार्ट पेशेंट हैं और उन्हें पेसमेकर लगा है। उन पर ओपीडी में हमला हुआ। हमला होने पर डॉक्टर मदद के लिए चिल्लाए। लोगों ने बाहर से दरवाजा खोला और डॉक्टर को बचाया। आरोपी चुपचाप अस्पताल के बाहर जाने लगा, उसे थोड़ी दूर जाने पर सिक्योरिटी ने रोक लिया। इसके बाद लोगों ने आरोपी को पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि विग्नेश अपनी मां के इलाज से असंतुष्ट था। वह सोचता था कि डॉक्टर मां का सही इलाज नहीं कर रहे हैं और गलत दवाएं दी जा रही हैं। इसके बाद विग्नेश ने अपनी मां को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पता चला कि फेफड़े में प्रॉब्लम है। विग्नेश सरकारी अस्पताल लौटा। वह डॉक्टर से इलाज पर बात करने गया था, लेकिन हमला कर दिया। डॉक्टर और आरोपी के बीच क्या बात हुई इसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने घटना की जांच के आदेश दिए है। एक्स पर पोस्ट कर ष्टरूने कहा- समय की परवाह किए बिना सरकारी अस्पतालों में जाने वाले मरीजों को उचित उपचार देने में हमारे सरकारी डॉक्टरों का निस्वार्थ कार्य अतुलनीय है। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने ऐसी घटना दोबारा न हो यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।

# जिरिबाम हमले के बाद मणिपुर में सुरक्षा बढ़ाई गई

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर में जिरिबाम जिले के जकुराडोर करोंग में 11 नवंबर को सुरक्षाबलों ने 10 कुकी उग्रवादियों को मार गिराया था। घटना के बाद से तीन महिला और 3 बच्चे लापता हैं। घटना के अगले दिन 2 लोगों के जले शव भी मिले थे। इसके विरोध में 13 सिविल राइट ऑर्गेनाइजेशन ने बुधवार को इंफाल घाटी में पूर्ण बंद बुलाया। वहीं, जिरिबाम की घटना के बाद केंद्र सरकार ने मणिपुर में करीब 2 हजार कर्मियों वाली 20 अतिरिक्त सीएपीएफ कंपनियां तैनाती के आदेश जारी किए।



इन्हें हवाई मार्ग के जरिए मणिपुर में अलग-अलग जगहों पर तैनात किया गया। मणिपुर में अब सुरक्षाबलों की 218 टुकड़ियां तैनात हैं। जिन सिविल राइट ऑर्गेनाइजेशन ने आज इंफाल घाटी में बंद बुलाया था, उनमें अंतर्राष्ट्रीय शांति और सामाजिक उन्नति , ऑल क्लब्स ऑर्गनाइजेशन एसोसिएशन, मीरा पैबी लूप , इंडिजिनियस पीपुल्स एसोसिएशन ऑफ कांगलीपाक और कांगलीपाक स्टूडेंट्स एसोसिएशन शामिल थीं।

घाटी के जिन 5 जिलों बंद का असर रहा उनमें इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिले शामिल थे। इन जिलों के सभी स्कूल, बाजार, पब्लिक ट्रांसपोर्ट पूरी तरह से बंद रहे। सरकारी ऑफिस में कर्मचारी भी नहीं पहुंचे। इंफाल घाटी में शांति रही, तामेंगलोग में दो ट्रक आग के हवाले बंद के दौरान इंफाल घाटी में शांति रही लेकिन जिरीबाम के पास नागा बाहुल्य जिले तामेंगलोंग में दो ट्रकों में आग लगाई गई।

एक अधिकारी के मुताबिक घटना ओल्ड कैफुंडई हुई। हथियारबंद उग्रवादियों ने माल ले जा रहे ट्रकों को निशाना बनाया था।

उन्होंने बताया कि संदिग्ध पहाड़ी उग्रवादियों ने ह्र॥37 पर हवा में कई राउंड फायरिंग कर ट्रकों को रोका था। इस घटना पर मणिपुर के रोंगमेई नागा छात्र संगठन ने विरोध दर्ज कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुकी उग्रवादियों ने हीं चावल, प्याज और आलू ले जा रहे इन ट्रकों को आग लगाई।

# क्या वायनाड से शुरू होगा प्रियंका का संसदीय सफर

**वायनाड ( एजेंसी )।** आम लोगों के लिए राहुल और प्रियंका जैसे नेताओं तक पहुंचना आसान नहीं है। कड़ी सुरक्षा के कारण हम राहुल से कभी बात नहीं कर सके। अगर बात हुई भी, तो भाषा के कारण कोई दूसरा व्यक्ति उन्हें हमारी बात समझाता था। इससे हमारी भावनाएं उन तक पहुंच ही नहीं पाती थीं। मुझे नहीं लगता कि अगर प्रियंका जैसे हाई-प्रोफाइल लोग सांसद बनेंगे तो यह बदलेगा। अगर हमारा सांसद स्थानीय होता तो लोग उससे बात कर सकते थे। यह कहने वाली 25 साल की काव्यांजलि वायनाड की युवा आदिवासी वोटर हैं। वायनाड में केरल की सबसे ज्यादा आदिवासी आबादी रहती है।



यहां एक साल के भीतर दूसरी बार लोकसभा चुनाव हुए हैं। अप्रैल, 2024 में राहुल गांधी यहां से दूसरी बार सांसद बने, लेकिन उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट जीतने के बाद उन्होंने वायनाड छोड़ दिया। अब राहुल ने बहन प्रियंका गांधी वाड्रा को मैदान में उतारा है। यह प्रियंका का पहला चुनाव है और जीतने पर उन्हें संसद में एंट्री मिलेगी। उपचुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों में जितना उत्साह है, वोटर्स में उतनी ही निराशा दिखाई देती है। वायनाड ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस का गढ़ रहा है। यहां उपचुनाव के लिए वोटिंग हो चुकी है। दैनिक भास्कर ने वोटिंग से पहले यहां पहुंचकर वोटर्स और नेताओं से बात की थी। हमने जिन वोटर्स से बात की, वे प्रियंका की उम्मीदवारी से ज्यादा खुश नहीं दिखे।

# हेलिपैड पर चेकिंग, शिंदे बोले-कपड़े हैं, यूरिन पॉट नहीं



**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के पालघर में कोलगांव हैलिपेड पर बुधवार को इलेक्शन कमीशन के अधिकारियों ने सीएम एकनाथ शिंदे के सामान की चेकिंग की। अधिकारियों ने शिंदे के बैग, ब्रीफकेस और दूसरे सामान को जांचा। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। शिंदे ने अधिकारी से कहा- कपड़े हैं.. अधिकारी ने हां में सिर हिलाया। इसके बाद शिंदे ने कहा- कपड़े हैं, यूरिन पॉट बगैरह नहीं है। शिंदे का यह कमेंट उद्धव के बयान पर तंज माना जा रहा था। दरअसल, 11 और 12 नवंबर को हैलिपेड पर 2 बार उद्धव ठाकरे के भी सामान की जांच हुई थी। तब उद्धव ने इसका वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कहते नजर आ रहे थे- मेरा बैग चेक कर लीजिए। चाहे तो मेरा यूरिन पॉट भी चेक कर लीजिए, लेकिन अब मुझे मोदी के बैग चेक करते हुए भी आप लोगों का वीडियो चाहिए। वहां आप अपनी पूंछ मत झुका देना। शिंदे के अलावा बुधवार को पुणे में केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले के हेलिकॉप्टर की भी जांच की गई।

इससे पहले मंगलवार को लातूर में ने नितिन गडकरी के बैग की चेकिंग की गई थी। महाराष्ट्र के दोनों डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के हेलिकॉप्टर की भी बीते दिनों जांच हो चुकी है। बीजेपी ने आज ही फडणवीस के हेलिकॉप्टर जांच की वीडियो भी जारी किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बैग की 12 नवंबर को लातूर में चेकिंग की गई थी। वे औसा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अभिमन्यु पवार का प्रचार करने पहुंचे थे। फडणवीस के बैग की चेकिंग 5 नवंबर को कोल्हापुर में की गई।

# मोदी बोले- रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होने देंगे

**देवघर ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार (13 नवंबर) को देवघर और गोड्?डा में चुनावी सभा को संबोधित किया। पीएम ने देवघर में कहा इस चुनाव में रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण मुद्दा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि भाजपा-एनडीए की सरकार संथाल और झारखंड की रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी। मोदी ने ये भी कहा कि जेएमएम-कांग्रेस सरकार में बाहर से आए घुसपैठियों को यहां का परमानेंट निवासी बनाने के लिए हर गलत काम किए गए। इन घुसपैठियों के लिए रातों-रात पक्के कागज बनाए गए। यहां की सरकार का रवैया देखिए। जेएमएम सरकार ने कोर्ट में कह दिया कि झारखंड में कोई घुसपैठ हुई ही नहीं है।

भाजपा-एनडीए का एक ही मंत्र है- हमने झारखंड बनाया है, हम ही संवारेंगे। गोड्डा में पीएम ने कहा- झारखंड में सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना शुरू करेंगे। हर महीने हजारों रुपए बहनों के खाते में आना शुरू हो जाएंगे। कांग्रेस, जेएमएम और जेएमएम जैसे दलों ने इस क्षेत्र में लंबे समय तक राज किया है। लेकिन इन्होंने संथाल परगना को सिर्फ पलायन, गरीबी और बेरोजगारी दी है। खुद मुख्यमंत्री इस क्षेत्र से चुनाव लड़ते हैं, लेकिन यहां के लोगों काम के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। आज झारखंड में पहले चरण का मतदान हो रहा है। रोटी-बेटी और माटी को बचाने का संकल्प आज हर बूथ पर दिख रहा है। भाजपा ने नारीशक्ति और नौजवानों के भविष्य के लिए जो गारंटियां दी हैं, उनके प्रति भारी समर्थन दिख रहा है। संथाल का ये क्षेत्र भी इस बार नया इतिहास रचने के लिए तैयार है। संथाल में इस बार जेएमएम कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है।

# सीआईएसएफ की पहली महिला बटालियन को केंद्र से मंजूरी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार ने ष्टढ्ढस्स्न की महिला बटालियन बनाने की मंजूरी दे दी है। इस बटालियन में 1000 से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। किसी भी इमरजेंसी में ये बटालियन कमांडो की तरह सुरक्षा देंगीं। फिलहाल देश में सीआईएसएफ की 12 बटालियन हैं, लेकिन इनमें एक भी महिला बटालियन नहीं है। यह पहली बटालियन होगी, जिसमें केवल महिलाएं होंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को इस बटालियन के लिए मंजूरी दी। बटालियन में शामिल महिला सैनिक कमांडो की तरह एयरपोर्ट, दिल्ली मेट्रो, सीआईएसएफ की सुरक्षा में तैनात होंगी। जरूरत के मुताबिक अन्य जगहों पर भी उनकी तैनाती की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने क्या कहा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को एक्स पर लिखा, राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के मोदी सरकार के विजन को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम उठाते हुए, सीआईएसएफ की पहली महिला बटालियन की स्थापना को मंजूरी दे दी है। सीआईएसएफ की महिला बटालियन जल्द ही देश के हवाई अड्डों और मेट्रो रेल की सुरक्षा करने तथा कमांडो के रूप में सीआईएसएफ सुरक्षा देने की जिम्मेदारी संभालेंगी।



# हिमाचल हाईकोर्ट ने 6 मुख्य संसदीय सचिव हटाए

**शिमला ( एजेंसी )।** हिमाचल हाईकोर्ट ने बुधवार (13 नवंबर) को कांग्रेस सरकार में बनाए 6 मुख्य संसदीय सचिव हटाने का आदेश जारी किया। हाईकोर्ट ने सीपीएस केस पर सुनवाई करते हुए ये फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इनकी नियुक्तियों को असंवैधानिक बताया है। हाईकोर्ट ने साल 2006 के सीपीएस एक्ट को निरस्त कर दिया है।

इसके साथ सभी सीपीएस की सारी सरकारी सुविधाएं तुरंत प्रभाव से वापस लेने का आदेश दिया है। आदेश के बाद शिमला में मौजूद हटाए गए सीपीएस ने शाम के वक्त ही अपनी गाड़ियां विभाग को सौंप दीं। अब इन्हें दफ्तर भी खाली करने होंगे। जिन 6 विधायकों को सीपीएस बनाया था, उनमें रोहड़ू के एमएल ब्राक्टा, कुल्लू के सुंदर सिंह ठाकुर, अर्की के संजय अवस्थी, पालमपुर के आशीष बुटेल, दून के राम कुमार चौधरी और बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल शामिल हैं। सरकार इन्हें गाड़ी के साथ दफ्तर, स्टाफ और वेतन दे रही थी।

इनका मूल वेतन 65 हजार रुपए था, लेकिन भत्ते मिलाकर इन्हें एक महीने के 2.20 लाख रुपए मिलते थे।

हिमाचल सरकार के एडवोकेट जनरल अनूप रत्न ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। हिमाचल में सीपीएस को फाइल साइन करने की शक्तियां नहीं थी। यहां पर सीपीएस केवल मंत्री को एडवाइज करते थे।हाईकोर्ट के आदेशों के बाद राज्य सरकार द्वारा सीपीएस के साथ स्टाफ और गाड़ी को वापस करने के आदेश जारी कर दिए गए है। कोर्ट ने तुरंत प्रभाव से इनकी सुख सुविधाएं वापस लेने को कहा है। इसके बाद शिमला में मौजूद सीपीएस ने शाम के वक्त ही अपनी गाड़ियां सामान्य प्रशासन विभाग को सौंप दी है। अब इन्हें कोर्ट के आदेशानुसार दफ्तर भी खाली करने होंगे।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ष्टक्क के पद पर नियुक्त किए गए सभी विधानसभा सदस्यों की सदस्यता भी रद्द की जाए।

# हरियाणा विधानसभा सत्र, एससी आरक्षण में वर्गीकरण लागू

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** हरियाणा विधानसभा सत्र के पहले दिन की कार्यवाही समाप्त हो गई है। अब सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे शुरू होगी। पहले दिन गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय का अभिभाषण हुआ। गवर्नर ने 2 बड़ी घोषणाएं की। इसके बाद गवर्नर के अभिभाषण पर चर्चा हुई। इस दौरान कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने मंत्री अनिल विज के जान को खतरा बताने वाले बयान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक इस पर कोई जवाब नहीं दिया। मामले की जांच के लिए कमेटी बनानी चाहिए। इस पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने चुटकी लेते हुए कहा कि अनिल विज को गृहमंत्री बना दीजिए, सब ठीक हो जाएगा। इसके साथ अशोक अरोड़ा ने ष्टरूसे जवाब भी मांगे। उन्होंने कहा कि गवर्नर साहब ने आगे की बात तो बता दी, लेकिन जो वादे उन्होंने पहले किए हैं, उनकी क्या स्थिति है। उस पर कोई चर्चा नहीं की गई। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी से जवाब मांगा। इस पर कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने विरोध जताया। ढांडा के विरोध पर भूपेंद्र हुड्डा खड़े हुए। उन्होंने ढांडा से कहा कि आप लोग इतनी देर से गप्पें मार रहे हो, हम भी तो सुन ही रहे हैं न। इसलिए आप भी सुनिए। सीएम को विधायक की मांग माननी चाहिए। अरोड़ा ने महिलाओं को 2100 रुपए मासिक देने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि इस राशि को कैसे और कब से शुरू करेंगे। मुख्यमंत्री को इस मामले में जवाब देना चाहिए। कार्यवाही के दौरान ष्टरूनायब सैनी ने बुधवार (13 नवंबर) से हरियाणा में स्ष्ट के आरक्षण में वर्गीकरण का फैसला लागू होने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि शाम 5 बजे से वेबसाइट पर वो आदेश देखा जा सकेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### सोने और चांदी में तेजी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी रही। दोनो ही कीमती धातु के वायदा भाव में आज तेजी दर्ज की गयी। सुबह आज सोने के वायदा भाव 75,150 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 90,150 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की वायदा कीमतों में तेजी रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर अनुबुध आज 187 रुपये की तेजी के साथ 75,088 रुपये के भाव पर खुला। वहीं एक समय यह अनुबंध 236 रुपये की तेजी के साथ 75,137 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय ये 75,148 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 74,987 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव ने इस साल 79,775 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर हासिल किया। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध आज 672 रुपये की तेजी के साथ 89,999 रुपये पर खुला। एक समय यह अनुबंध 822 रुपये की तेजी के साथ 90,149 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 90,194 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 89,958 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया।

### दबाव की परिस्थितियों में शांतचिा बने रहने का प्रयास करता हूं : अर्शदीप



**मुम्बई( एजेंसी )।** भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने मंगलवार को यहां कहा कि दबाव की परिस्थितियों में चीजों को सरल बनाए रखना और शांतचित्त बने रहने से उन्हें सीमित ओवरों की क्रिकेट में डेथ ओवरों का विशेषज्ञ बनने में मदद मिली। अर्शदीप ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने अब तक 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 89 विकेट लिए हैं और उनका औसत लगभग 18 है। अर्शदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर डेथ ओवरों में गेंदबाजी के बारे में पूछे जाने पर पत्रकारों से कहा ,''मेरी रणनीति परिस्थितियों और विकेट पर निर्भर करती है। मैं इस पर गौर करता हूं कि हमें विकेट लेने की जरूरत है या रन प्रवाह पर अंकुश लगाने की।'' उन्होंने कहा,''डेथ ओवरों की गेंदबाजी में कुछ दिन आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं जबकि कुछ दिन ऐसा नहीं होता है। हमें शांतचित्त बने रहना होता है। हमें डेथ ओवरों का की गेंदबाजी के बारे में ज्यादा नहीं सोचना होता है। हम चीजों को सरल बनाए रखने का प्रयास करते हैं।

# शेयर बाजार मे रही गिरावट,सेंसेक्स 400 अंक नीचे आया, निटी 74 अंक नीचे आकर 23,886 पर




**मुम्बई।** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ खुला। आज सुबह बाजार खुलते ही बीएसई सेंसेक्स 400 अंक नीचे आया जबकि एनएसई निफ्टी में भी गिरावट दर्ज की गयी और ये 23,700 पर खुला। सुबह गिफ्ट निफ्टी 74 अंक नीचे आकर 23,886 पर कारोबार करता दिखा, ये बाज़ार की कमज़ोर शुरुआत का संकेत दे रहा है। वहीं गत दिवस सेंसेक्स और निफ्टी दोनों 1 ही एक फीसदी से ज़्यादा गिरावट के साथ बंद हुए। घरेलू निवेशकों का ध्यान आज सीपीआई और आईआईपीए डेटा पर रहेगा, साथ ही कई कंपनियों के तिमाही परियाणों पर भी प्रभाव पड़ेगा। अक्टूबर महीने में खुदरा महंगाई 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.2 फीसदी पर पहुंच गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतें रहीं। वहीं औद्योगिक उत्पादन में सुधार के संकेत मिले हैं। सितंबर में आईआईपी में 3.1 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई, जो त्योहारी मांग से प्रेरित रही। एशिया-पैसिफिक के शेयर बाजार में गिरावट के साथ कारोबार शुरू हुआ, जो वॉल स्ट्रीट की गिरावट को दिखाता है। एशिया के ट्रेडर्स ने जापान के नए कॉरपोरेट गुड्स डेटा पर भी रिएक्ट किया, जिसमें दिखा कि अक्टूबर की सालाना प्रोड्यूसर प्राइस इंफ्लेशन 3.4 फीसदी पर पहुंच गई है—जो पिछले साल जुलाई के बाद सबसे ज्यादा है। निक्केई 0.5 फीसदी नीचे खुला, जबकि टॉपिक्स में 0.3 फीसदी की गिरावट आई। कोस्पी 1.1 फीसदी और एएसएक्स 200 में 1.4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका में भी बाजारों में गिरावट आई, जहां नैस्डैक और एसएंडपी 500 का पांच-दिवसीय बढ़त का सिलसिला टूट गया। डॉव जोन्स 0.86 फीसदी नीचे आया, एसएंडपी 500 ने 0.29 फीसदी की गिरावट दर्ज की, जबकि नैस्डैक हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। अब निवेशक अक्टूबर के सीपीआई डेटा के जारी होने का इंतजार कर रहे हैं, जो महंगाई और फेडरल रिजर्व की रेट डिसीजन पर संभावित असर का संकेत देगा। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के चलते भारतीय शेयर बाजारों में गत दिवस तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों ने भी निवेशकों के सेंटीमेंट पर असर दिखा और बाजार गिरावट पर बंद हुआ।

### रुपया 84.17 पर खुला



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया बढ़त के साथ ही 84.17 पर खुला। वहीं इसके बाद ये 84.40 पर पहुंचा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया 84.38 पर सपाट बंद हुआ। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के कारण रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में दो पैसे टूटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.40 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मध्यम अवधि में रुपये के 83.80 और 84.50 प्रति डॉलर के बीच कारोबार करने के आसार हैं क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक अपने मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार के दम पर इसमें कोई बड़ी गिरावट को सीमित रखने में सक्षम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.39 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.40 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.38 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 105.63 पर रहा।

# जुरेल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अहम भूमिका निभा सकता है : पेन



**कैनबरा ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम के अहम भूमिका निभा सकते हैं। जुरेल ने यहां ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी कर सबका ध्यान खींचा है। जुरेल ने अब तक भारतीय टीम की ओर से केवल तीन मैच खेले हैं। उन्हें इस सीरीज में नियमित विकेटकीपर ऋषभ पंत के बैकअप के रूप में शामिल किया गया है। पेन ने कहा कि जुरेल ने एमसीजी मुकाबले में नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए 80 और 68 रनों की शानदार पारी खेली थी। ऑस्ट्रेलिया ए के कोच रहे पेन को लगता है कि ये युवा बल्लेबाज पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट में एक बल्लेबाज के तौर पर शामिल किया जा सकता है। पेन ने कहा, मैंने उसे ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए देखा है और इतनी अच्छी बल्लेबाजी के बाद भी अगर उसे अवसर नहीं मिले तो ये हैरानी की बात होगी। उन्होंने 80 पार का सबसे बेहतरीन स्कोर बनाया, जो मैंने देखा है। जुरेल ने इस साल की शुरुआत में राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, जिसमें ऋषभ की जगह एक कैच लेने के साथ ही स्टंपिंग की थी जबकि भारत की जीत के दौरान नंबर 8 पर आने के बाद 46 रन भी बनाए थे। रांची में अगले टेस्ट में 90 रनों की अच्छी पारी खेली जिसमें जुरेल ने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों में 63.33 की प्रभावशाली औसत से रन बनाए। पर्थ में अपेक्षित तेज हालात उसके अनुकूल होंगे। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, वह 23 साल का है और उसने तीन टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन वह अपने सभी साथियों से एक क्लास बेहतर दिखाई दिया, और उसने गति और उछाल को बहुत अच्छी तरह से संभाला, जो एक भारतीय खिलाड़ी के लिए असामान्य हो सकता है।

# भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेलना हो सकता है नुकसानदेह : गावस्कर

**मुम्बई ( एजेंसी )।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर सहित कई अनुभवी खिलाड़ियों ने कहा है कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेलकर एक बार फिर वही गलती करने जा रही है जो उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में की थी। परिणाम स्वरुप भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम को शुरुआती कार्यक्रम के अनुसार पहला टेस्ट मैच खेलने से पहले इंडिया 'ए' से दो अभ्यास मैच खेलने थे। इसके अलावा दूसरे टेस्ट मैच से पहले एक अभ्यास मैच प्राइम मिनिस्टर इलेवन से मैच खेलना था और इसके लिए तैयारियां भी हो गयीं थीं पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अचानक ही तीनों अभ्यास मैच रद्द कर दिये। इससे अब भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीधे टेस्ट मैच से ही शुरुआत करेगी। इस टेस्ट मैच की तैयारी वह नेट अभ्यास से करेगी। वहीं गावस्कर ने लिखा, 'नेट प्रैक्टिस कभी भी अभ्यास मैच का विकल्प नहीं हो सकता। टेस्ट मैच खेलने के लिए एक जुनून की जरूरत होती है, जो सिर्फ मैदान पर बल्लेबाजी से आता है। नेट प्रैक्टिस से ऐसा नहीं हो सकता. उम्मीद है कि जिन्होंने भी प्रैक्टिस मैच और प्राइम मिनिस्टर इलेवन से मुकाबला रद्द किया है, वह इसे सही साबित करेंगे।'गावस्कर कहते हैं, 'बल्लेबाज जानते हैं कि अभ्यास मैच में आउट हो जाने के बाद वे दोबारा बल्लेबाजी नहीं कर सकते। इस कारण वॉर्म-अप या अभ्यास मैच किसी भी बल्लेबाज के लिए नेट अभ्यास से ज्यादा अहम होते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में अभ्यास की कमी के चलते भारतीय बल्लेबाज विफल रहे थे। सीरीज से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा से अभ्यास मैच खेलने को कहा गया था पर उन्होंने इंकार कर दिया था।

# एंडरसन को शामिल कर सकती है सीएसके : माइकल वॉन



**लंदन ( एजेंसी )।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन साल 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेल सकते हैं। इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले एंडरसन ने अपने करियर में पहली बार आईपीएल मेगा नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। जिसके बारे में कहा है कि वह अपना खेल का ज्ञान बढ़ाने के लिए आईपीएल खेलना चाहते हैं। वॉन ने कहा कि सीएसके अधिकतकर अनुभवी खिलाड़ियों को खरीदती है। ऐसे में वह एंडरसन की स्विंग क्षमता को देखते हुए उन्हें खरीद सकती है। ये तेज गेंदबाज शुरुआती ओवरों में नई गेंद से प्रभावशाली साबित हो सकता है। वॉन ने कहा, आपने जेम्स एंडरसन की बात की, मुझे हैरानी नहीं होगा अगर एंडरसन सीएसके में शामिल हो जाएं। इसका कारण ये है कि सीएसके ऐसी टीम हैं जो ऐसे खिलाड़ी को पसंद करती हैं जो पहले कुछ ओवरों में स्विंग करा सकें। उनके पास पहले भी शार्दुल ठाकुर जैसे स्विंग गेंदबाज रहे हैं, इसलिए अगर एंडरसन सीएसके में आते हैं तो ये उनके लिए बेहतर होगा। आईपीएल नीलामी के लिए पंजीकरण करने के समय ही एंडरसन ने कहा कि वह संन्यास के बाद भी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहते हैं। एंडरसन ने ये भी कहा था कि उन्हें अभी भी लगता है कि उनके पास खेल को देने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं फिर से क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मुझे चुना जाता है या नहीं, यह अलग बात है, लेकिन मेरे अंदर निश्चित रूप से यह भावना है कि मेरे पास किसी न किसी रूप में और भी बहुत कुछ देने को है। गौरतलब है कि एंडरसन के टी20 क्रिकेट में अनुभव सीमित लेकिन उल्लेखनीय है। उन्होंने 44 टी20 मैचों में 32.14 की औसत और 8.47 की इकॉनमी से 41 विकेट लिए हैं। उन्होंने 19 टी20आई भी खेले हैं जिसमें 7.84 की औसत से 18 विकेट लिए हैं।

# गौतम गंभीर और रिकी पोंटिंग के बीच छिड़ी जुबानी जंग

## विराट कोहली की फॉर्म को बनाया मुद्दा



**मुम्बई ( एजेंसी )।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। इस सीरीज के लिए भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है। इस सीरीज से पहले दोनों देशों के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। ये जुबानी जंग भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर और रिकी पोंटिंग के बीच चल रही है, जिसकी शुरुआत रिकी पोंटिंग ने की थी, फिर गौतम गंभीर ने इसका करारा जवाब दिया था। अब रिकी पोंटिंग ने उस करारे जवाब पर पलटवार किया है। फिलहाल ये विवाद उस समय शुरू हुआ जब रिकी पोंटिंग ने आईसीसी पॉडकास्ट पर बात करते हुए भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली की हालिया फॉर्म पर सवाल उठाए। पोंटिंग ने कहा कि पिछले पांच सालों में विराट ने 60 टेस्ट पारियों में सिर्फ तीन शतक लगाए हैं, जो उनके जैसे टॉप बल्लेबाज के लिए बहुत कम है। उन्होंने ये भी कहा कि अगर कोहली जैसा कोई और बल्लेबाज ऐसा प्रदर्शन करता तो शायद अब तक टीम से बाहर हो चुका होता। पोंटिंग के मुताबिक, पिछले पांच सालों में एक टॉप ऑर्डर बैट्समैन का सिर्फ तीन शतक लगाया चिंताजनक है। रिकी पोंटिंग की इस टिप्पणी पर भारतीय कोच गौतम गंभीर ने करारा जवाब दिया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर ने कहा कि, पोंटिंग का भारतीय क्रिकेट से कोई लेना-देना नहीं है, उन्हें अपने देश की टीम पर ध्यान देना चाहिए। विराट और रोहित जैसे खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत अहम है और उन्होंने भारतीय क्रिकेट में बहुत योगदान दिया है। आगे भी देते रहेंगे मैं उनके फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हूं। हालंकि, पोंटिंग इसके बाद चुप नहीं बैठे उन्होंने गंभीर की प्रतिक्रिया पर पलटवार किया। उन्होंने गंभीर को तेज-तर्रार व्यक्तित्व वाला बताया और कहा कि उन्हें उनसे ऐसी ही प्रतिक्रिया की उम्मीद थी। पोंटिंग ने ये भी कहा कि, मेरा इरादा कोहली की आलोचना करना नहीं था, बल्कि मेरा मानना है कि कोहली हमेशा ऑस्ट्रेलिया में अचछा प्रदर्शन करते हैं और इस बार भी उनका अच्छा प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

# नई टीम से खेलने छोड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स : केएल राहुल



**मुम्बई ( एजेंसी )।** बल्लेबाज केएल राहुल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम लखनऊ सुपर जायंट्स को छोड़ने को लेकर कहा है कि उन्होंने ये इसलिए किया क्योंकि वह एक नई टीम से खेलना चाहते थे ताकि आजादी से खेलते हुए बेहतर प्रदर्शन कर एक बार फिर राष्ट्रीय टी20 टीम में अपनी जगह पक्की कर सकें। राहुल ने पिछले 3 सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से खेला है पर अगले साल होने वाले टूर्नामेंट से पहले वह टीम से अलग हो गये हैं। अब वह इसी माह 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली नीलामी में उतरेंगे। राहुल को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की रिटेन खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं किया गया है। राहुल को जब रिटेन नहीं किया गया था तभी से ये अंदाजा लगाया जा रहा था कि यह फ्रेंचाइजी का फैसला था या खिलाड़ी का अपना। इसी को लेकर राहुल ने कहा है कि यह उनकी इच्छा थी कि वे एक नई टीम की तलाश करें और भारतीय टी20 टीम में वापसी का लक्ष्य रखें। राहुल ने कहा, मैं एक नई शुरुआत करना चाहता था। मैं अपने विकल्पों का पता लगाना चाहता था। मैं वहां खेलना चाहता था जहां मुझे कुछ आजदी मिल सके और टीम का माहौल हल्का हो। इसके लिए कभी-कभी, आपको दूर भी जाना पड़ता है और अपने लिए कुछ अच्छा खोजना पड़ता है। साथ ही हा, मैं कुछ समय से टी20 टीम से बाहर हूं। मुझे पता है कि एक खिलाड़ी के रूप में मैं कहां खड़ा हूं. मुझे पता है कि मुझे वापस आने के लिए क्या करना है। मैं इस आईपीएल सत्र का इंतजार कर रहा हूं। उम्मीद है कि इससे मुझे वह मंच मिलेगा जहां मैं वापस जाकर अपने क्रिकेट का आनंद ले सकूंगा।

# 17 साल के आयुष को मेगा नीलामी में खरीद सकती है सीएसके

## प्रबंधन और धोनी हैं खेल से प्रभावित




**मुम्बई ( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल की नीलामी में इस बार चेन्नई सुपर किंग्स सीएसके की टीम मुंबई के 17 वर्षीय सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को शामिल कर सकती है। माना जा रहा है कि इसी कारण आयुष को चयन ट्रायल के लिए बुलाया गया है। कहा जा रहा है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी आयुष से प्रभावित हैं। रणजी ट्रॉफी का पांचवां दौर 16 नवंबर को समाप्त हो रहा है,ऐसे में सीएसके के पास ट्रायल के लिए आठ दिन का समय है। आयुष से सीएकके का प्रबंधन भी प्रभावित है। म्हात्रे को रणजी ट्रॉफी 2024 सीजन के पांचवें दौर के अंत के बाद और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की शुरुआत से पहले सीएसके ने ट्रॉयल के लिए बुलाया है। दोनों के बीच छह दिन का अंतर है। इससे सीएसके को 24 और 25 नवंबर को होने वाली मेगा नीलामी से पहले आंकलन का पर्याप्त समय मिल जाएगा। आयुष ने शेष भारत के खिलाफ ईरानी कप खेल में मुंबई के लिए अपना प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। पृथ्वी शॉ के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए इस युवा ने दो पारियों में क्रमशः 19 और 14 रन बनाए। मुंबई के लिए अब तक के आंकड़े उसके अच्छे हैं। उसने पांच मैचों में 35.66 की औसत से 321 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनने 176 रन महाराष्ट्र के खिलाफ बनाये थे। एक रिपोर्ट के अनुसार सीएसके के प्रबंध निदेशक और सीईओ काशी विश्वनाथन ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) से अनुरोध किया था कि वे आयुषको उनके नवलूर मैदान में ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दें। सीएसके 55 करोड़ रुपए की राशि के साथ मेगा नीलामी में उतरेगा।

# आईपीओ से स्विगी के कर्मचारी बनेंगे करोड़पति?

## ईएसओपी से भारी होगी कमाई




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के आईपीओ का लाभ भले ही निवेशकों को न मिले, लेकिन कर्मचारियों के लिए यह एक बड़ी सौगात ला रहा है। स्विगी के करीब 500 कर्मचारियों के करोड़पति बनने की उम्मीद है, क्योंकि कंपनी के आईपीओ के बाद उनकी एम्पलाइ स्टॉक ऑनरशिप प्लान (ईएसओपी) से भारी कमाई हो सकती है। स्विगी के इस कदम से नए-पुराने मिलाकर करीब पांच हजार कर्मचारियों को अच्छी-खासी राशि मिलने की संभावना है, क्योंकि उन्हें कंपनी के शेयर लिस्ट होने के बाद बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्विगी के आईपीओ के जरिए कर्मचारियों को स्टॉक ऑप्शन से करीब नौ हजार करोड़ रुपए की कमाई होने की उम्मीद है। स्विगी के शेयर बुधवार को लिस्ट हो रहे हैं, लेकिन इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम केवल 2 रुपए है, जो इश्यू प्राइस का मात्र 1 फीसदी है। इसलिए खुदरा निवेशकों को इससे ज्यादा लाभ नहीं होने की संभावना है। हालांकि स्विगी के संस्थापकों और शीर्ष प्रबंधन के पास पर्याप्त ईएसओपी हैं, जिनमें ग्रुप सीईओ, सह-संस्थापक और वरिष्ठ नेता शामिल हैं। स्विगी के ईएसओपी लिक्विडेशन को भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में उच्च-प्रोफ़ाइल मामलों में से एक माना जा रहा है। आईपीओ को खुदरा निवेशकों से मिश्रित प्रतिक्रिया मिली है, जहां इसे 1.14 गुना सब्सक्राइब किया गया है, जबकि क्यूआईबी (क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स) श्रेणी में यह छह गुना सब्सक्राइब हुआ। 2014 में स्थापित स्विगी ने भारत में 2,00,000 से ज्यादा रेस्तरां के साथ साझेदारी की है और जोमैटो, अमेजन, और टाटा बिगबास्केट जैसे बड़े प्रतियोगियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2024 में कंपनी को 2,350 करोड़ रुपए का घाटा हुआ, लेकिन लगातार विकास के कारण भविष्य में लाभ की संभावना को लेकर निवेशकों में उत्साह है। ईएसओपी का उद्देश्य कर्मचारियों को कंपनी के साथ जोड़ना और उन्हें कंपनी की सफलता में हिस्सेदार बनाना है। ईएसओपी के तहत कर्मचारियों को शेयर खरीदने का मौका मिलता है, जिससे वे कंपनी के विकास से सीधा लाभ कमा सकते हैं।

## बढ़ी समस्याएं, अपने खेतों में खेती-किसानी के लिये कैसे जायें किसान

# बाईपास सड़क का निर्माण करने वाली केसीसी कंपनी ने बाधित किया किसानों का आम रास्ता

### करीब 500 एकड़ भूमि के लिए जाने वाले नहर के रास्ते में कंपनी ने लगाया प्लांट



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्य प्रदेश सरकार किसानों की प्रत्येक जमीनों तक नहरों का जाल बिछाते हुए खेती की खातिर बाणसागर के पानी को पहुंचाने का काम कर रही है जिससे प्रत्येक किसान को फसल उगाने में परेशानी न झेलनी पड़े और खेती के माध्यम से किसान समृद्ध बने मगर रीवा में बाईपास सड़क को बनाने आई केसीसी कंपनी के द्वारा खेतों तक पहुंचने वाले किसान के रास्ते को ही रोक दिया गया जिससे अब फसलों की बुवाई के लिए किसान खुद अपनी जमीन पर नहीं पहुंच सकेगा और प्रदेश सरकार की किसान को समृद्ध बनाने की चाहत महज एक ख्वाइश बनकर ही रह जाएगी।

दरअसल चोरहटा से रतहरा के लिए बनने जा रही 4 लेन बाईपास सड़क को बनाने का काम हरियाणा की जिस केसीसी कंपनी को सौंपा गया है उसके द्वारा नहर की जमीन में अवैध अतिक्रमण कर अपना प्लांट लगा लिया गया जिससे अब नहर की जिस जमीन से किसानों ने अपनी जमीनों तक पहुंचने के लिए रास्ता तैयार किया है वह मार्ग बाधित हो गया जिसकी वजह से आने वाले समय में कोई भी किसान अपने खेतों की बुवाई के लिए जमीन में नहीं पहुंच पाएगा और उसकी समृद्धि रुकी ही रह जाएगी। बताया जा रहा है कि बाईपास सड़क से ही लगी एक किसान की 9 एकड़ भूमि को केसीसी कंपनी के द्वारा अपना प्लांट लगाने के लिए किराए पर जमीन को लिया गया है मगर उसी जमीन के बीच में हरिहरपुर और इटहा सहित अन्य गांवों में खेती के लिए नहर बनी हुई है तथा नहर के दोनों तरफ करीब 40- 40 फिट का सरकारी रास्ता भी है जो नहर की ही सरकारी जमीन है जिसपर केसीसी कंपनी के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर अपने प्लांट की बाउंड्री बना ली गई है। जिससे अब उस रास्ते की मदद से अपने खेतों तक पहुंचने वाले किसानों के पास निकलने का रास्ता ही नहीं बचा तो अब वह खेतों की बुवाई भी कैसे करेंगे।

**खेती की करीब 500 एकड़ भूमि का रुका रस्ता:** जानकारी के मुताबिक बाईपास सड़क बनाने वाली जिस केसीसी कंपनी ने नहर की सरकारी जमीन में अतिक्रमण कर लोगों के खेतों तक जाने वाले रास्ते को बाधित किया है उसमें करीब 500 एकड़ की खेती वाली भूमि है जिससे किसानों को खेती में करोड़ों का नुकसान पहुंच सकता है।

आपको बता दें अभी हालही में गेहूं, चना, राई सहित अन्य फसलों की बुवाई का सीजन है इसके बाद भी रास्ता बाधित होने के कारण किसान करीब 2 वर्षों तक अपने खेतों में किसी भी प्रकार की फसलों की जुताई और बुवाई नहीं करा पाएगा और प्रदेश सरकार की किसान को समृद्ध बनाने की योजना महज कागज तक ही सिमट कर रह जाएगी

किसानों का कहना है कि उन्होंने केसीसी कंपनी के प्रबंधक से रास्ते को खोलने की बात भी की परन्तु एसपी, कलेक्टर और प्रशासन का हवाला देकर कंपनी ने एक न सुनी तथा अपने प्लांट की बाउंड्री बनाकर उनका खेतों को जाने वाला रास्ता रोक दिया।

## नगर निगम लॉन्च कर रहा ऐप, अब ऑनलाइन होगा समाधान




### डेथ और बर्थ सर्टिफिकेट बनवाने में भी मिलेगी सुविधा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर में रहने वाले लोगों को अब निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। क्योंकि अब शहर वासियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए नगर निगम एप लॉन्च करने जा रहा है। एप कि लॉन्चिंग नवंबर महीने में ही की जानी है। जिसके बाद आम लोगों को नगर निगम और नगर निगम क्षेत्र से जुड़े छोटे-बड़े कार्यों में काफी सुविधा मिल पाएगी। वहीं बार-बार दफ्तर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

निगम आयुक्त डॉक्टर सौरभ सोनवड़े ने बताया कि ऐप के जरिये नगर निगम से जुड़ी हुई हर समस्या का समाधान अब आसानी से हो सकेगा। जहां लोग सीधे अपनी समस्याओं को एप के माध्यम से दर्ज करा सकेंगे। जिसके बाद निगम कर्मचारियों को तय सीमा के भीतर उनकी समस्याओं को हल करना पड़ेगा। दर्ज की गई शिकायत की क्या स्थिति है। शिकायतकर्ता संतुष्ट है या फिर नहीं। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन देखी जा सकेगी। हर गतिविधि को ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य होगा।

**मेट्रो सिटीज की तरह मिलेगी सुविधा:** बड़े महानगरों या मेट्रो सिटीज में नगर निगम का अपना एप है। जिसमें लोगों की शिकायतों और सेवाओं पर काम किया जाता है। उसी तर्ज पर रीवा में भी पहली बार यह पहल की गई है। लॉन्च होने वाले एप में शिकायतकर्ता सफाई, पानी सीवर और अन्य कई चीजों से जुड़ी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। लोगों को नगर निगम से जुड़ी जो भी सुविधाएं चाहिए होगीं, वो सब यहां मिल पाएंगी। सेप्टिक टैंक खाली करवाना, प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाना और डेथ-बर्थ सर्टिफिकेट बनवाने जैसे काम भी इसमें शामिल होंगे।

## सूने आवास में चोरी की वारदात

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरहुला कॉलोनी में अज्ञात चोर ने सूने आवास में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित सर्वेश गुप्ता शहर से बाहर नौकरी करते हैं और उनका पूरा परिवार भी उन्हीं के साथ रहता है। बताया गया कि सूने आवास में मंगलवार की देर रात अज्ञात चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर पहले अंदर से मोटरसाइकिल को बाहर निकाला उसके बाद घर के अंदर रखे बैग और अटैची को पार कर दिया। अज्ञात चोर ने कितने की चोरी की और क्या-क्या सामान ले गए इस बात की पुष्टि अभी नहीं हुई है। पीड़ित परिवार के रीवा आने पर ही स्पष्ट हो पायेगा कि कितने की चोरी हुई है। पूरी घटना पड़ोस के घर में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है।

## चेकिंग के नाम पर ठगी, सोने-चांदी के आभूषण लेकर हुए फरार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**रीवा में ठगों की गैंग एक बार फिर सक्रिय हो गई है, जहां ठगों ने ठगी का एक अलग तरीका खोज निकाला है। ठग अब चेकिंग के नाम पर लोगों को ठग रहे हैं। बुधवार को सिंधी चौराहे के पास ठगों ने एक व्यक्ति को वरिष्ठ अधिकारी बनकर ठग लिया। बदमाशों ने पहले तो चेकिंग के नाम पर व्यक्ति को डराया, फिर चकमा देकर आभूषण लेकर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने फरियादी की शिकायतों पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने बताया कि रामजी सोनी किसी काम से सराफा बाजार जा रहे थे। जैसे ही सिंधी चौराहे के पास पहुंचें। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया। जिसने रामजी से कहा कि तुम्हें डीआरआई साहब बुला रहे हैं। जब रामजी उस व्यक्ति के पास पहुंचा तो उसने चैन और अंगूठी उतारने को कहा। फिर सारे आभूषण लपेटकर बैग में रखने को कहा। फिर बैग में आभूषण रखने के बहाने बड़ी चालाकी से बदल लिए। घटना की भनक पीड़ित को लगी तो पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज करवाई।

एसपी विवेक सिंह ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पहले भी इस तरह की एक वारदात देखने को मिली थी। संभव है कि यह उसी गैंग का काम हो सकता है। हम लगातार आरोपियों की तलाश करने में लगे हुए हैं। शक है कि ये नर्मदापुरम से जुड़ी किसी गैंग का काम हो सकता है।

## एमआईसी की बैठक में कई प्रस्ताव हुये पारित, व्यवधान उत्पन्न करने पर पार्षद को किया बाहर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगर पालिक निगम रीवा का 13वां साधारण सम्मिलन निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। बैठक में महापौर अजय मिश्रा, आयुक्त सौरभ संजय सोनवणे, सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे एवं पार्षदगण उपस्थित रहें। बैठक प्रारंभ होने पर पार्षद नम्रता संजय सिंह बघेल को प्रश्न का उत्तर उपलब्ध कराया गया, उत्तर पर असंतोष व्यक्त करते हुए परिषद की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न किया गया, जिससे सम्मिलन में घोर अव्यवस्था उत्पन्न होने पर पार्षद नम्रता संजय सिंह बघेल को निगम के सम्मिलन से तत्काल चले जाने का निर्देश सभापति द्वारा दिया गया। तत्पश्चात अन्य प्रस्तावों पर चर्चा प्रारंभ करते हुए शिल्पी कुंज की दुकान की ऊपरी छत के अंतरण हेतु आरक्षित मूल्य के प्रस्ताव पर महापौर द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से शिल्पी कुंज की प्रथम तल पर निर्मित छत तथा उसके द्वितीय एवं तृतीय तल पर प्रस्तावित निर्मित होने वाली छत का वैल्यूवेशन कर ई-टेण्डर के माध्यम से निविदा आमंत्रित करने हेतु निगम आयुक्त को अधिकृत करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसकी परिषद द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व की अचल सम्पत्तियों का 30 वर्षीय लीज एवं किराया पर अंतरण हेतु प्राप्त प्रस्थापनाओं की स्वीकृति। महामृत्युजंय काम्पलेक्स प्रथम तल की दुकानों की निविदा की स्वीकृति प्रदान की गई। राजस्व मदों की वसूली हेतु तीन निविदा आमंत्रण



पश्चात् निविदा प्राप्त नहीं होने पर अशोक मिष्ठान भण्डार के बगल में, गांधी काम्पलेक्स ब्लाक-ब् के खाली स्थान पर पार्किंग प्रीमियम का पुनर्निर्धारण किया गया। पी.पी.पी. मॉडल आधारित स्मार्ट टायलेट के निर्माण व रख-रखाव की योजना स्वीकृति दी गई, इस योजना में 07 स्थानों में स्मार्ट टायलेट बनने हैं। बंदरिया मुक्तिधाम में नवनिर्मित गैस आधारित शवदाह गृह के संचालन एवं प्रति शवदाह क्रिया हेतु शुल्क का निर्धारण किया गया। नगर पालिक निगम रीवा की रिक्त अचल सम्पत्तियों, दुकानो, कार्यालयीन हॉल, अधिवक्ता चेम्बर एवं भूखंडों का आरक्षित मूल्य एवं किराया निर्धारण की स्वीकृति प्रदान की गई। गीता भवन की स्थापना टाउन हॉल में करने तथा टाउन हॉल में लग रहे कार्यालयीन प्रशासनिक भवन अन्य भवन हेतु निगम परिसर के पार्किंग क्षेत्र से लगी उद्यानिकी विभाग की भूमि पर कराये जाने के प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई। गंगा वाटिका बाल उद्यान का संचालन-संधारण कार्य 35 माह के लिए ठेका पर दिये जाने हेतु प्रीमियम एवं शर्तों का निर्धारण किया गया। 10 रानी तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन का कार्य 35 माह के लिए ठेका पर दिये जाने हेतु प्रीमियम एवं शर्तों का निर्धारण किया गया। नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व की पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा द्वारा निर्मित व लीज पर आवंटित 89 अचल सम्पत्तियों के लीज नवीनीकरण का अनुमोदन किया गया। नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति योजना क्रमांक 06 में रिक्त 14 भूखण्डों का आरक्षित मूल्य के निर्धारण की स्वीकृति प्रदान की गई।

नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत सिरमौर चौराहा फ्लाई ओव्हर ब्रिज के नीचे तथा समान फ्लाई ओव्हर ब्रिज के नीचे एवं डॉ. अम्बेडकर बाजार के पीछे एवं शिल्पी प्लाजा ब्लाक-। एवं ठ के पीछे वाहन पार्किंग शुल्क वसूली हेतु प्रीमियम एवं शर्तों का पुनर्निधारण किया गया। कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम, कैफेटेरिया एवं ओपेन एम्पिथियेटर के रख-रखाव, संचालन-संधारण के कार्य हेतु पूरित अनुंबध की कंडिकाओं में संशोधन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई तथा रीवा शहर में निराला नगर स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा के नाम इन्द्राज भूमि ग्राम अनन्तपुर शासकीय भूमि पर पुनर्घनत्वीकरण योजना क्रियान्वयन के प्रस्ताव पर महापौर द्वारा परिषद को अवगत कराया गया कि आयुक्त द्वारा त्वरित रूप से उक्त शासकीय भूमि निगम को आवंटित कर पुनर्घनत्वीकरण योजना क्रियान्वयन किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे एम.आई.सी. द्वारा परिषद को अग्रेषित कर रीवा शहर के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तीसरा प्रयास किया है।

परिषद बैठक में विचारार्थ प्रस्तावों पर विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, पार्षद राजीव शर्मा, श्रीमती ज्योति प्रदीप सिंह, श्रीमती विमला सिंह, प्रभारी सदस्य धनेन्द्र सिंह, ने अपने सुझाव दिये। उपरोक्त प्रस्तावों के सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

## दो ट्रकों के बीच टक्कर की चपेट में आई कार, बच्चे सहित दो घायल




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में दुआरी बायपास पर दो ट्रकों के बीच टक्कर हो गई। हादसे के दौरान पीछे से आ रही एक कार भी इनकी चपेट में आ गई। हादसे में कार सवार एक बच्चे सहित दो लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि आर्मी के जवान जबलपुर कैंप जा रहे थे इस दौरान उनका ट्रक सामने से रॉन्ग साइड से आ रहे दूसरे ट्रक से जा टकराया। इसी बीच पीछे से आ रही एक कार भी ट्रक में जा घुसी।

## पुलिस से सुरक्षा का भरोसा मिलने के बाद शव का अंतिम संस्कार



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ज़िले के सेमरिया में सोमवार को रंजिश में अजय केवट की दिनदहाड़े चाकू मारकर हत्या के बाद से कस्बे में तनाव का माहौल है। अपराधियों से डरे-सहमे परिजनों ने पुलिस से सुरक्षा का भरोसा मिलने के बाद बुधवार को शव का अंतिम संस्कार किया। साथ ही परिजनों ने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह में यदि हत्याकांड का खुलासा नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन करेंगे। बतादें कि मंगलवार को बाज़ार पूरी तरह से बंद रहा। परिजनों ने सड़क पर ही चिता सजाई और मृतक की गर्भवती पत्नी ने आत्मदाह की धमकी दी। कांग्रेस नेताओं सहित सेमरिया विधायक अभय मिश्रा परिजनों के साथ खड़े रहे। आरोपियों की गिरफ्तारी और थाना प्रभारी को हटाने की मांग कर रहे थे। जिस पर एडिशनल एस पी ने टीआई को सात दिन के लिए छुट्टी पर भेज दिया है वहीं आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरहुला की उपरहटी में हुई बैठक



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी रीवा ने संगठनात्मक मजबूती के लिए ब्लॉक स्तरीय बैठक स्थानीय किला परिसर के अंदर बरादरी उपरहटी में आहूत कि गई, बैठक कि अध्यक्षता जिला शहर कांग्रेस कमेटी रीवा के अध्यक्ष लखनलाल खंडेलवाल ने की, बैठक का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरहुला के अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने किया, मंडलम अध्यक्ष एवं सेक्टर अध्यक्ष ने भी अपने अपने विचार रखे।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष लखनलाल खंडेलवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मंडलम, सेक्टर, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का काम हम सब मिलकर करेंगे, मंडलम सेक्टर बूथ पर जाकर जमीनी स्तर पर नवीन सदस्य बनाए जाएंगे तथा कांग्रेस पार्टी द्वारा वरिष्ठ नेताओं का बूथ स्तर सम्मान किया जाएगा और वार्ड एवं पंचायत स्तर की बैठक शुरू कर पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम किया जायेगा। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने कहा कि यह ब्लॉक स्तरीय बैठक है आप सब ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरहुला के जिम्मेदार पदाधिकारी है, ब्लॉक को मजबूत करने का दायित्व हम सबका है और आगामी वर्ष में होने वाले पार्टी के कार्यक्रम में चिरहुला ब्लॉक कांग्रेस का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को संकल्पित है, वार्ड, पंचायत बूथ स्तर पर कमेटी का पुनः गठन कर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करे, बैठक में शहर संगठन मंत्री सज्जन पटेल ने कहा कि संगठन में सबसे महत्वपूर्ण अनुशासन जरूरी है, अनुशासन और आपसी सहमति एकता पर जोर दिया और संगठन मजबूत की बात की। बैठक में मुख्य रूप से लखन लाल खंडेलवाल, सज्जन पटेल, रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी काकू , मंडलम अध्यक्ष लल्लू सिंह यादव, सुनील दुबे, अखिलेश तिवारी, केशव वर्मा, सेक्टर अध्यक्ष, राकेश पटेल, अनवर अंसारी, दीपक साकेत, हेमेंद्र त्रिपाठी, अमित तिवारी, संजय पटेल, राकेश कुशवाहा, श्रीराम वर्मा, सत्यप्रताप सिंह, मुस्ताक खान, दीपक बंसल, सुशील बड़ौलिया, संतोष शुक्ला आदि उपस्थित रहें।

## आरसीसी सड़क एवं पुलिया के निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**नगर पालिक निगम रीवा जोन क्रमांक 03 अंतर्गत वार्ड क्र. 15 गुलाब नगर में बुधवार को रमेश पाण्डेय के घर से शिवम सिंह के घर तक एवं अनिल सिंह के घर तक आरसीसी सड़क एवं पुलिया के निर्माण कार्य का भूमिपूजन वॉर्ड के वरिष्ठ नागरिक राशिरमण पांडे के द्वारा नारियल तोड़कर किया गया। यह निर्माण कार्य रू. 13.48 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड 15 के एम.आई.सी. सदस्य पार्षद नीतू अशोक पटेल, उपयंत्री शुभम तिवारी उपस्थित रहे। इस दौरान अशोक पटेल, संविदाकार प्रवीण सिंह, विनोद तिवारी, अनिल सिंह, गणेश पांडे, संजीव पटेल, अंकित पांडे, रोहिणी पांडेय, राजेंद्र पांडे व मोहल्ले के सभी लोगो ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।

## नेशनल कूडो चैम्पियनशिप से मैडल जीत कर लौटने पर किया गया जोरदार स्वागत

### 27 राज्यों के खिलाड़ियों ने लिया था भाग



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के छात्रों ने सूरत में आयोजित नेशनल कूडो चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में 22 मेडल जीते हैं। जिनकी आज रीवा वापसी पर सभी विजेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों ने माला पहनाकर बैंड-बाजे के साथ विजेताओं का उत्साह बढ़ाया। जहां रीवा का मान बढ़ाने के लिए सभी को शुभकामनाएं दी गईं।

कोच नेहा तिवारी ने बताया कि कूडो नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता 5 से 12 नवंबर तक सूरत में आयोजित की गई थी। जिसमें भाग लेने के लिए रीवा से 12 बच्चे गए हुए थे। 27 राज्यों से प्रतिभागी यहां भाग लेने के लिए आए हुए थे। जिनसे कड़ी टक्कर के बीच रीवा के प्रतिभागियों ने इतने मेडल हासिल किए हैं। जिनका प्रदर्शन काफी शानदार रहा। रीवा के बच्चों ने 13 गोल्ड,2 सिल्वर और 7 ब्रांच मेडल जीते हैं। बच्चों को कोच उमेश और प्रकाश त्रिपाठी ने ट्रेनिंग दी थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अक्षय कुमार,परेश रावल और सुनील शेट्टी थे। जहां उनके आने से कार्यक्रम में चार-चांद लग गए थे। एक ही प्रतियोगिता से इतने मेडल लाना मुश्किल होता है। लेकिन रीवा के प्रतिभागियों ने अपनी मेहनत और लगन से इसे सम्भव कर दिया।

## दो सफाई कामगारों की सेवा समाप्त

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा दो सफाई कामगारो की कार्य में लापरवाही एवं बिना सूचना के बार-बार अनुपस्थित रहने पर सेवा समाप्त की गई। जिसमें पुरूषोत्तम गया उप स्वास्थ्य पर्यवेक्षक एवं मन्नू कुमार सफाई संरक्षक स्थाई कर्मी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया जबाव संतोषजनक न पाये जाने पर इस्तेहार प्रकाशित कर सेवा समाप्ति की अंतिम सूचना दी गई जिसमें कोई जबाव प्रस्तुत नही किया गया। उक्त कृत्य घोर लापरवाही है। बिना सूचना के कार्य से बार-बार अनुपस्थित रहने, सफाई कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत पुरूषोत्तम गया उप स्वास्थ्य पर्यवेक्षक एवं श्री मन्नू पिता सुन्दर नगर पालिक निगम रीवा की सेवा समाप्त की गई।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।